


दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 67 | रायपुर, गुरुवार, 13 मार्च 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444


3 पीएचडीसीसीआई द्वारा...

क्या बोल्ड छवि से दूर जाना ... 6

### साय कैबिनेट में लिए गए कई बड़े निर्णय

## भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार की ईओडब्ल्यू करेगी जांच

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार की देर शाम को कैबिनेट की बैठक हो हुई। होली के पूर्व हुए इस कैबिनेट में कई अहम फैसले लिये गये हैं। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने फैसले की जानकारी दी।

मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य नक्सल समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल करते हुए छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति–2023 के स्थान पर छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति–2025 को मंजूरी प्रदान की है। इस नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को आर्थिक सहायता, पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल विधेयक–2025 विधानसभा के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक–2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ में भारत माला परियोजना के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार की प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच ईओडब्ल्यू के माध्यम से जांच कराने का निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक–2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री ने 27 फरवरी को फिल्म ''छावा'' को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की थी। मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में फिल्म छावा के प्रदर्शन पर प्रवेश हेतु देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुल्य धनराशि की प्रतिपूर्ति किए जाने का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक योजना तैयार करने के लिए राज्य जल सूचना केन्द्र का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने की सहमति प्रदान की गई।

स्टेट वाटर इंफॉर्मेशन सेंटर वर्षा, नदी और जलाशयों के स्तर, भूजल गुणवत्ता, गाद, नहरों में जल प्रवाह, फसल कवरेज, जलभृत मानचित्रण, भूमि और मिट्टी के डेटा सहित जल संसाधन संबंधी विभिन्न सूचनाओं का संग्रह, विश्लेषण और भंडारण करेगा। SWIC, NWIC द्वारा विकसित डिजिटल प्लेटफार्म की सहायता से जल संसाधन प्रबंधन के लिए प्रमाणिक डेटा उपलब्ध कराएगा। इससे नीति निर्माण, रणनीतिक निर्णय, मॉडलिंग, विश्लेषणात्मक उपकरणों के विकास और जल प्रबंधन को मजबूती मिलेगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के जल संसाधन विभाग के 09 बॉधों के सुधार कार्यों के लिए 522.22 करोड़ रूपए भारत सरकार के माध्यम से ऋण स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इनमें मनियारी टैंक, घोंघा टैंक, दुधावा, किंकारी, सोंढूर, मूरूमसिल्ली (भाग–2), रविशंकर सागर परियोजना (भाग–2), न्यूज रूद्री बैराज और पेण्ड्रावन टैंक शामिल हैं। मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य में सुशासन और नीति क्रियान्वयन को मजबूत करने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### भारत–पाक सीमा पर ऊर्जा परियोजना को मंजूरी

## विपक्ष बोला- राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही सरकार

एजेंसी, नई दिल्ली



लोकसभा में कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सांसदों ने बुधवार को भारत–पाकिस्तान सीमा के पास एक नवीकरणीय उर्जा परियोजना को मंजूरी दिए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से 'संतोषजनक' जवाब न मिलने पर सदन से वॉकआउट किया।

प्रश्नकाल के दौरान सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और उर्जा सुरक्षा को साथ–साथ देखा जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नवीकरणीय उर्जा परियोजना अंतरराष्ट्रीय सीमा से महज एक किलोमीटर की दूरी पर होगी, जबकि सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार किसी भी बड़े बुनियादी ढांचे की परियोजना को सीमा से कम से कम किलोमीटर दूर होना चाहिए। तिवारी ने पूछा कि क्या इस परियोजना के लिए किसी प्रकार की छूट दी गई है।

वहीं, सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रस्ताव को मंजूरी देने से पहले केंद्र, राज्य और संबंधित एजेंसियों से मंजूरी ली जाती है। नवीकरणीय उर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार देश में नवीकरणीय उर्जा उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी जरूरी मंजूरी लेने के बाद ही लाइसेंस जारी किए जाते हैं और परियोजना को मंजूरी दी जाती है।

### उर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में संतुलन होना चाहिए : मनीष तिवारी

लेकिन कांग्रेस सांसद सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वे सदन के बीच में पहुंच गए। फिर उन्होंने और द्रमुक सांसदों ने संसद से वॉकआउट किया। बाद में संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में तिवारी ने कहा, उर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में संतुलन होना चाहिए। खावड़ा में एक बड़ी नवीकरणीय उर्जा परियोजना आ रही है, जो पाकिस्तान की सीमा से महज एक किलोमीटर दूर है।

राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के तहत सीमा से दस किलोमीटर के भीतर कोई भी परियोजना नहीं आ सकती। हमने सवाल पूछा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, इसलिए हम संसद से बाहर आ गए।

## छग का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान विश्व धरोहर की दौड़ में शामिल, यूनेस्को ने पहली सूची में दी जगह

अपनी समृद्ध जैव विविधता और जीव जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियों के आवास के रूप में पहचाने जाने वाले छत्तीसगढ़ के बस्तर के कांगेर घाटी नेशनल पार्क को यूनेस्को ने 2025 की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की तदर्थ सूची में शामिल कर लिया है। अब वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा हासिल करने के लिए राज्य सरकार को एक साल में अपना दावा पूरे तथ्यों के साथ पेश करना होगा।

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



यूनेस्को ने अपनी वेबसाइट पर कांगेर घाटी को टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किये जाने की जानकारी दी है, अब इसके समर्थन में एक साल के भीतर तथ्यात्मक जानकारी देनी होगी। पहली बार छत्तीसगढ़ की किसी साइट को यह मौका मिला है। 200 वर्ग किमी में फैला कांगेर घाटी नेशनल पार्क कई वजहों से खास है। करीब दो साल पहले कांगेर घाटी नेशनल पार्क के तत्कालीन डायरेक्टर गणवीर धम्मशील ने करीब साल भर की तैयारी और रिसर्च, पुरातत्व विभाग समेत कई विभागों की शोध के आधार पर वर्ल्ड हेरिटेज साइट के लिए नेशनल पार्क का प्रस्ताव यूनेस्को को भेजा था। यूनेस्को किसी जगह को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा तीन श्रेणियों में देता है। पहली श्रेणी प्राकृतिक धरोहर है, दूसरी सांस्कृतिक और तीसरी मिश्रित। आवेदन पहली श्रेणी के लिए भेजा गया था, जिसे तदर्थ सूची में शामिल कर लिया गया है। इस आशय की घोषणा कर दी है।

## होली के दिन बदला जुम्मे की नमाज का समय

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



होली के दिन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की मस्जिदों में नमाज के वक्त में बदलाव किया गया है। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने बताया, सामाजिक समरसता बनी रहे, इस वजह से यह फैसला लिया गया है। ज्यादातर मस्जिदों में दोपहर एक बजे होने वाली नमाज अब 2 से 3 बजे के बीच होगी। शुक्रवार को होली है, इस वजह से यह बदलाव किया गया है। सभी मस्जिदों के पदाधिकारी को इस संबंध में वक्फ बोर्ड की ओर से पत्र भेज दिया गया है।

इस बार शुक्रवार को होली है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग जुम्मे की नमाज पढ़ते हैं। दोपहर 12 बजे जोहर की नमाज होती है। इस नमाज को पढ़ने के लिए नमाजी मस्जिद के लिए निकलेंगे तो विवाद की आशंका है इसलिए छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ये निर्णय लिया है और सभी से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र 2025

## विधानसभा में गूंजा भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार का मामला, संभागायुक्त करेंगे जांच

छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मुआवजा वितरण में हुए भ्रष्टाचार के मामले की जांच संभाग आयुक्त से कराई जाएगी। इस बात की घोषणा बुधवार को विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने की। विधानसभा में प्रश्नकाल में पूछे गये सवाल के पूरक जवाब में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि रायपुर जिले के ग्राम नायकबांधा में 13 मूल खसरों को 53 छोटे–छोटे भूखंडों में बटांकन करके मुआवजा वितरण में गड़बड़ी की गयी है।

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)




उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी नामांतरण प्रकरण तैयार करके मुआवजा स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा की गयी जांच की रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाये गये अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन और विभागीय कार्रवाई की गयी है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मुआवजा वितरण में गड़बड़ी करने वाले अफसरों के विरुद्ध एफआईआर कराकर उन्हें जेल भेजने की मांग विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने उठाई। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि इस तरह से की गयी गड़बड़ी बेहद गंभीर है। ऐसे अफसरों को केवल निलंबन करने से काम नहीं चलेगा। एफआईआर दर्ज कराकर उन्हें तत्काल जेल भेजें। नेता प्रतिपक्ष ने प्रकरण की सीबीआई से भी जांच कराने की मांग की जिस पर राजस्व मंत्री ने संभाग आयुक्त से जांच कराये जाने की घोषणा की।

विधानसभा मे कांग्रेस विधायक उमेश पटेल द्वारा रायगढ़ जिले में जलाशय की भूमि को जिंदल के नाम नामांतरित किये जाने का मामला उठाया गया। इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने विभागीय जांच कराने की घोषणा की। इसी मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजस्व मंत्री को घेरते हुए कहा कि लैंड यूज परिवर्तन की स्वीकृति राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में गठित उप मंत्रिमंडलीय समिति ही दे सकती है। ऐसे में राजस्व मंत्री की जांच विभागीय अधिकारी कैसे कर पायेगा। इस पर असहज होते हुए राजस्व मंत्री ने कहा कि उन्हें इस प्रकरण की जानकारी ही नहीं हैं। वे इस संबंध में विभाग से जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## 17 मार्च से बिलासपुर हाईकोर्ट में नये रोस्टर के तहत सुनवाई

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



बिलासपुर में सोमवार 17 मार्च से हाईकोर्ट में नये रोस्टर के तहत सुनवाई होगी। हाईकोर्ट में अब 4 डिवीजन बेंच और 16 सिंगल बेंच अलग–अलग मामलों की सुनवाई होगी। इस नए रोस्टर के अनुसार पहली डिवीजन बेंच में चीफ जस्टिस और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल सभी रिट मामले, पीआईएल, रिट अपील, क्रिमिनल रेफरेंस, हबियस कार्पस, 2020 की क्रिमिनल अपील, 2021 से क्रिमिनल अपील, रिट पिटीशन, अवमानना याचिका (क्रिमिनल) की सुनवाई करेंगे।

दूसरी डीबी में जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल ऐसे सभी क्रिमिनल मैटर्स की सुनवाई करेंगे, जो किसी डीबी को नहीं दिए गए हैं। टेक्स मामले अपील के साथ भी इसी डीबी में सुने जायेंगे। तीसरी डीबी में जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की डिवीजन बेंच कमर्शियल मामलों, इक्विटल अपील और सेक्शन 378 और 419 बी एन एस एस के तहत अपील के आवेदनों पर सुनवाई करेगी। जस्टिस रजनी दुबे व जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की चौथी डीबी में सभी सिविल मामले, क्रिमिनल अपील 2019 से 2020 तक सभी रिट मामले और विशेष तौर पर भेजे गए मामलों पर सुनवाई होगी। इसके अलावा चीफ जस्टिस समेत कुल सोलह सिंगल बेंच भी निर्धारित

## रेलवे की सुरक्षा पर चर्चा के बाद 17 मार्च तक के लिए राज्यसभा स्थगित

एजेंसी, नई दिल्ली



राज्यसभा में बुधवार को रेलवे की सुरक्षा पर चर्चा शुरू की गई। चर्चा की शुरुआत करते हुए भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रेलवे के लिए बजटीय आवंटन से हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। सरकार ने बुलेट ट्रेन परियोजनाओं में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत ने लंबी दूरी तय करने की गति पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार को घेरते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण में बाधा डालने से कई परियोजनाएं लंबित है। भूमि अधिग्रहण के मुद्दों के कारण बंगाल में 43 रेलवे परियोजनाओं में देरी हुई है।

राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण करने में विफलता के कारण भाभदिघी में परियोजना 15 वर्षों से रुकी हुई है। पिछले सप्ताह जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए नए निर्देश जारी किए, तो स्थिति और बिगड़ गई।

रेल मंत्री ने सार्वजनिक रूप से पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री से भूमि अधिग्रहण में तेजी लाने और रेलवे परियोजनाओं में बाधा डालने वाले कानून–व्यवस्था के मुद्दों को हल करने में मदद करने का अनुरोध किया है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोई प्रगति नहीं हुई है।

जद (यू) सांसद संजय कुमार झा ने बिहार के दो अलग–अलग रेल मंत्रियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि नीतिश कुमार ने बहुत विकास किया, और दूसरे,लालू प्रसाद यादव जिन्हें हार्वर्ड विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया था, लेकिन जिनका परिवार नौकरियों के लिए भूमि घोटाले में शामिल रहा है।

### विदेश में नौकरी करने की लालच में फंसे थे लोग

## भारत सरकार 266 और नागरिकों लाई वापस

एजेंसी, नई दिल्ली

विदेश में नौकरी करने की लालच में फंसे 266 भारतीय नागरिकों को मंगलवार को सरकार वापस लाई है, जिन्हें दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों से रिहा कराया गया था। सोमवार को इसी तरह 283 भारतीयों को वापस लाया गया। भारतीय दूतावासों ने म्यांमार और थाईलैंड सरकारों के साथ मिलकर उनकी रिहाई सुनिश्चित करने और उनके स्वदेश वापसी में मदद की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने लगातार प्रयास किए हैं कि उन भारतीयों को रिहा किया जा सके, जो म्यांमार सहित दक्षित–पूर्व एशियाई देशों में फर्जी नौकरी के वादों से ठगे गए थे। इन नागरिकों को साइबर अपराध और अन्य धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल किया गया था, जो म्यामांर–थाईलैंड सीमा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे थे।

### विदेश मंत्रालय की सलाह

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि कि वे विदेश में स्थित मिशनों के जरिए विदेशी नियोक्ताओं की साख की पुष्टि करें और नौकरी की पेशकश मंजूर करने से पहले भर्ती एजेंटों और कंपनियों के पिछले रिकॉर्ड की जांच करें। इससे पहले दिसंबर में भी भारतीय दूतावास ने म्यांमार के म्यावाडी में नौकरी घोटाले के परिसर में फंसे छह भारतीय नागरिकों को रिहा करने का ऐलान किया था।



### साइबर अपराध का केंद्र

दक्षिण–पूर्व एशिया का गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र साइबर अपराध का केंद्र है, जहां थाईलैंड, लाओस और म्यांमार की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं मिलती हैं। यहां से साइबर फ्रॅड के लिए फर्जी कॉल सेंटर संचालित होते हैं। पीड़ितों में देश के अलग–अलग राज्यों के लोग शामिल हैं। म्यांमार सरकार ने बंधकों को छुड़ाने और उन्हें थाईलैंड शिफ्ट करने के लिए अपनी सेना को तैनात किया, जहां से उन्हें अब भारत वापस लाया गया।

## दिल्ली पुलिस ने एक साथ 20 से ज्यादा बांग्लादेशियों को पकड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत के विभिन्न राज्यों में इस वक्त अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिल्ली पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। दिल्ली पुलिस ने एक ऑपरेशन के दौरान 20 से ज्यादा बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ये गिरफ्तारी दक्षिणी पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली से की है। पकड़े गए बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत मे आये थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### गृह मंत्री ने दिया है एक्शन का आदेश

दरअसल, हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, गृह विभाग के मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के पुलिस कमिश्नर व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की थी। गृह मंत्री ने निर्देश दिया था कि दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के देश में घुसने से लेकर उनके डॉक्यूमेंट बनवाने और यहाँ रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। अवैध घुसपैठियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इसमें पूरी सख्ती के साथ काम हो और इन्हें चिन्हित कर डिपोर्ट किया जाए। लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों और सब–डिविज़न्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### असम में 4 बांग्लादेशियों को वापस भेजा गया

इससे पहले एक बांग्लादेशी नागरिक को भारत–नेपाल सीमा से सटे महराजगंज जिले में बिना वीजा और पासपोर्ट के प्रवेश करने की कोशिश करने के आरोप में पकड़ा गया है। सशस्त्र सीमा बल ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी दी थी। बांग्लादेशी सैफुल इस्लाम (उम्र 35 साल) को SSB द्वारा निचलौल क्षेत्र में गिरफ्तार किया गया है।


दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, शपथ पत्र, खरीदी-बिक्री, नाम परिवर्तन, कोर्ट नोटिस प्रकाशन हेतु

संपर्क करें :-
9806044444

pratidincg@gmail.com
शारदा चौक, जी.ई. रोड, रायपुर
https://epaper.pratidinrajdhani.in


स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444

# सीएमओ के खिलाफ स्वच्छता दीदियों ने खोला मोर्चा, लगाये गम्भीर आरोप

**बिलाईगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

नगर पंचायत बिलाईगढ़ में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता दीदियों के साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौच करने का मामला सामने आया है। स्वच्छता दीदियों का आरोप है कि मुख्य नगर पंचायत अधिकारी (सीएमओ) सुशील चौधरी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें अपमानित करने वाले शब्दों का प्रयोग कर काम से निकाल दिया।



### स्वच्छता दीदियों की शिकायत

पीड़ित महिलाओं ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) डॉ. वर्षा बंसल से मिलकर सीएमओ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने उचित कार्रवाई की मांग की और उन्हें पुनः ससम्मान काम पर रखने का निवेदन किया। स्वच्छता दीदियों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के, कुछ कार्यों में जानबूझकर लापरवाही का आरोप लगाकर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया। साथ ही, अब अधिकारी द्वारा किसी अन्य समूह को काम पर रखने के लिए मुनादी कराई जा रही है।

### सीएमओ पर गंभीर आरोप

स्वच्छता दीदियों का आरोप है कि सीएमओ ने उन्हें 'नीच', 'सुअर' और 'गोबर' जैसे अपमानजनक शब्द कहे और बिना किसी नोटिस के उन्हें काम से निकाल दिया। इससे सभी कर्मचारी अपमानित महसूस कर रहे हैं।

### पूर्व में सीएमओ को बचा चुकी हैं स्वच्छता दीदियां

गौरतलब है कि कुछ समय पहले नगर में गौरव पथ निर्माण के दौरान अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों द्वारा सीएमओ के साथ मारपीट की घटना हुई थी। उस समय स्वच्छता दीदियों ने ही उन्हें सुरक्षित उनके कार्यालय तक पहुंचाया था। लेकिन अब वही अधिकारी इन महिलाओं को दरकिनार कर किसी अन्य समूह को काम पर रखने की प्रक्रिया में जुटे हैं। इस मामले पर अनुविभागीय अधिकारी डॉ. वर्षा बंसल ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस मामले पर जिम्मेदार अधिकारी से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा। अब देखना होगा कि इन स्वच्छता दीदियों को पुनः काम में लिया जाता है या नहीं।

# जिले के 18 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने महाअभियान 23मार्च को

**कांकेर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् जिले में 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। कलेक्टर एवं साक्षरता कार्यक्रम के अध्यक्ष निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी असाक्षरों को उक्त अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

# कलेक्टर विनय ने किया विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहट का निरीक्षण

## चौपाल लगाकर हितग्राहियों से की आत्मीय चर्चा

**महासमुंद, प्रतिदिन राजधानी**



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज विकासखंड पिथौरा के ग्राम पंचायत सोनासिल्ली एवं भीथीडीह में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के अंतर्गत आने वाले कमार जनजाति की बसाहट का निरीक्षण किया एवं चौपाल लगाकर हितग्राहियों से बातचीत की। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महासमुंद एस. आलोक, जनपद सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, बैंक खाता, उज्ज्वला योजना, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को पूरा करने भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत अब सभी बसाहटों में विद्युत कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। सम्पर्क सड़क भी लगभग हर बसाहटों में पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि वनाधिकार पट्टाधारी हितग्राही अपने खेतों में धान के अलावा अन्य फसले भी लें ताकि मिट्टी का पैदावार संरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड बनाने के लिए कैम्प लगाने की व्यवस्था की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन एवं स्वीकृत आवासों की स्थिति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि एक दूसरे से कदम मिलाकर चलें : अरूण सार्वा



## जिला पंचायत धमतरी का प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम संपन्न

**धमतरी, प्रतिदिन राजधानी**

जिला पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में नव निर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा की अध्यक्षता में पंचायत पदाधिकारियों का प्रथम सम्मिलन सम्पन्न हुआ। जिसमें उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सदस्य श्रीमती पूजा राजू सिन्हा, श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़, नीलम चंद्राकर, श्रीमती धनेश्वरी भूमेश साहू, श्रीमती कविता योगेश बाबर, श्रीमती मोनिका ऋषभ देवांगन, श्रीमती मीना डेमू साहू, टीकाराम कंवर, श्रीमती अनीता ध्रुव, अजय फत्तेलाल ध्रुव, श्रीमती गरिमा धनुष ध्रुव, जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मगरलोड वीरेन्द्र कुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा प्रथम सम्मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात जिला पंचायत परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा में भी माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# हृदय रोग जांच शिविर में 45 बच्चे उच्च स्तरीय सर्जरी के लिए चिन्हांकित

**महासमुंद।** जिले के विकासखंड बसना स्थित अग्रवाल नर्सिंग होम में 07 मार्च को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात हृदय रोग एवं आरएचडी (रूमेटिक हार्ट डिजीज) से प्रभावित 0 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नारायणा हृदयालय एम.एम.आई. हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. किंजल बक्शी एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा ईको कार्डियोग्राफी मशीन से जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान जिले के समस्त स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में चिरायु दलों द्वारा पूर्व-चिन्हित संभावित हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को विकासखंड कार्यालय के सहयोग से शिविर स्थल लाया गया।


**Notice under section 72 of Indian Partnership Act 1932**

Notice is hereby given for change in constitution of Firm "M/s SHOURYA CONSUMER SERVICES" Head office at KUSUM COMPLEX, TV STATION ROAD, JAIN MANDIR, SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G). Where in Mr. Shourya Jain desires to be admit as a new partner in the firm w.e.f 12.12.2024

For, M/s SHOURYA CONSUMER SERVICES
(Partner)

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता **अंशुल अग्रवाल पिता नटवर लाल अग्रवाल** निवासी – शारदा निकेतन मिठुमुड़ा मार्ग एफ सी आई गोदाम के पास रायगढ़ छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि:–

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2. यह कि मेरे पुत्र **शिवांग अग्रवाल** का जन्म दिनांक 09/08/2024 को देवी वुमन एण्ड चाइल्ड हास्पिटल रायपुर छ. ग. में हो चुका है।

3. यह कि मैं अपने पुत्र **शिवान्ग अग्रवाल** का नाम संशोधित कर **शरविल अग्रवाल** करवाना चाहता हूँ।

4. यह कि मैं अपने पुत्र शरविल अग्रवाल के नाम से नया जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूँ इसमें जो भी नियम व शर्ते है वह मुझे मान्य होगा, शपथपत्र प्रस्तुत है।

–: सत्यापन :–

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि कंडिका 01 से 04 तक की समस्त जानकारी मेरे ज्ञान अनुसार सत्य एवं सही है जिसे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं

शपथकर्ता
अंशुल अग्रवाल

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र –03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. – 0771–2991574
email ID-eocghbzone03@gmail.com

**आम–सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी डूमरतराई फेस–I जिला रायपुर में स्थित ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट क्रमांक–114, ब्लॉक क्रमांक–08, भू–तल श्री राजेश राजपुत, पिता श्री झुलु सिंह राजपुत को नामांतरण आदेश क्रमांक 4706 दिनांक 11.10.2019 नामांतरण आधार पर आबंटित किया गया है. आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की दान विलेख दिनांक 26.03.2019 पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में प्रथम नामांतरित आबंटी श्री राजेश राजपुत, पिता झुलु सिंह राजपुत, निवासी–गनपत चौक, ठाकुरपारा हीरापुर, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को श्रीमती सरोज बाई साहू, पति श्री रामाधार साहू, निवासी–संडी रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अतः उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–03, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email ID-rmczone10@gmail.com

पत्र क्रं. /18499/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 10/2025
रायपुर दिनांक 27/02/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18499
वार्ड का नाम–53–बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR651K01300 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NIRANJAN KUMAR SEN पिता/पति श्री/श्रीमती BABU LAL SEN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Neelam Chakrabarty पिता/पति श्री/श्रीमती Sandip Chakrabarty ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 09)**
:: पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा, रायपुर ::
Email ID-rmczone9@gmail.com

पत्र क्र./ 19034/न.पा.नि./ जोन क्र.–09/2025
रायपुर, दिनांक 12/03/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 19034
वार्ड का नाम–8– मोतीलाल नेहरु वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR227V00936 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती TANDRA GUHA पिता/ पति श्री/ श्रीमती NITISH RANJAN GUHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती अरविंद कुमार मिंज पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. जोहन मिंज ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र ,शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन (9)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 09)**
:: पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा, रायपुर ::
Email ID-rmczone9@gmail.com

पत्र क्र./ 19033/न.पा.नि./ जोन क्र.–09/2025
रायपुर, दिनांक 12/03/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 19033
वार्ड का नाम–9– डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR227J0004B जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Bhavaneet kaur पिता/ पति श्री/ श्रीमती Harmeet hora के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती गोल्डन वेंचर्स द्वारा अधिकृत भागीदार मुकेश अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती रोशन लाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र ,शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन (9)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 09)**
:: पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा, रायपुर ::
Email ID-rmczone9@gmail.com

पत्र क्र./ 19029/न.पा.नि./ जोन क्र.–09/2025
रायपुर, दिनांक 12/03/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 19029
वार्ड का नाम–9– डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR227J0004A जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती Bhavaneet kaur पिता/ पति श्री/ श्रीमती Harmeet hora के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती गोल्डन वेंचर्स द्वारा अधिकृत भागीदार मुकेश अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती रोशन लाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र ,शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन (9)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 09)**
:: पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा, रायपुर ::
Email ID-rmczone9@gmail.com

पत्र क्र./ 19028/न.पा.नि./ जोन क्र.–09/2025
रायपुर, दिनांक 12/03/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 19028
वार्ड का नाम– 51– पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR328Y00225 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SHIMON HURA, REKHA HURA पिता/ पति श्री/ श्रीमती AMARPAL HURA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. प्रिया श्रीवास्तव 2. रितेश श्रीवास्तव पिता/पति श्री/श्रीमती रितेश श्रीवास्तव 2. हरीश कुमार श्रीवास्तव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र ,शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन (9)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 09)**
:: पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा, रायपुर ::
Email ID-rmczone9@gmail.com

पत्र क्र./ 19027/न.पा.नि./ जोन क्र.–09/2025
रायपुर, दिनांक 12/03/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 19027
वार्ड का नाम– 9– डॉ.भीवराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 9 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR227J00006 जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DOLPHIN PROMOTERS / BUILDERS PARTNER HARMEET SINGH HORA पिता/ पति श्री/ श्रीमती GURUMUKH SINGH HORA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती गोल्डन वेंचर्स द्वारा अधिकृत भागीदार मुकेश अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती रोशन लाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र ,शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन (9)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 09)**
:: पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा, रायपुर ::
Email ID-rmczone9@gmail.com

पत्र क्र./ 19026/न.पा.नि./ जोन क्र.–09/2025
रायपुर, दिनांक 12/03/2025

// इश्तिहार //

नामांतरण प्र.क्र. 19026
वार्ड का नाम– 7– कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपटी आई. डी. RPR226K0466A जो की निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती TARUN KUMAR HOIYANI , HIMANSHU HOIYANI पिता/ पति श्री/ श्रीमती HARI LAL HOIYANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती अर्चना तिवारी पिता/पति श्री/श्रीमती अश्वनी कुमार तिवारी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र ,शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पक्षात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन (9)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./19000/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 12/03/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 19000**
**वार्ड का नाम -2- पं. जवाहर लाल नेहरु वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802G00487 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUSHMA RATHI पिता/पति श्री/श्रीमती DR. RAVI RATHI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SURENDRA SINGH THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती N S. THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./18967/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 10/03/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18967**
**वार्ड का नाम -20- रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802C01002 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AMITA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती YADAV RAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती CHANDU SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती KHORBAHARA RAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./18964/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 10/03/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18964**
**वार्ड का नाम -20- रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802D0760D जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती OMKAR DHAR DIWAN पिता/पति श्री/श्रीमती BHARAT DHAR DIWAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती JONITA TIGGA पिता/पति श्री/श्रीमती JAGS TIGGA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.– 8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./18962/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 10/03/2025

इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 18962**
**वार्ड का नाम -20- रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802E00929 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SURUCHI SINGHANIA, MUKESH SINGHANIA S/O NARESH पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHASHI BHUSHAN SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती LT. TARKESHWAR SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)**
ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID –rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./18973/न.पा.नि./जोन क्र.– 5/2025
रायपुर, दिनांक 10.03.2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र. क्र. 18973
वार्ड का नाम – 67– भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663IGT048 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती G. T. HOMES , RAJENDRA SINGH RAJPAL , GURJEET SINGH RAJPAL पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती 1. TRIPTI GAUTAM PARAKHW/O SHAILENDRA PARAKH 2. SHAILENDRA PARAKH S/O DEEPCHAND PARAKH पिता/पति श्री/श्रीमती ... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब/121
ग्राम–गुखेरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि आवेदक पिता **श्री भारत कुर्रे पिता श्री रामसिंग** ग्राम गुखेरा तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्री वंदना के जन्म/मृत्यु दिनांक 01.01.2010 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म / मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 26.03.25 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12.03.45 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ ब/121
ग्राम–गुखेरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि आवेदक पिता **श्री भारत कुर्रे पिता श्री रामसिंग** ग्राम गुखेरा तहसील आरंग, द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र हर्ष के जन्म/मृत्यु दिनांक 18.11.2009 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म / मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 26.03.25 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12.03.45 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ /अ-6-अ/वर्ष 2024-25
ग्राम–मोखला प.ह.नं.–34, रा.नि.मं.–भिलाई

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासीयों को सूचित किया जाता है, आवेदक हेमीन जोशी पति ऐशन लाल जोशी निवासी जय स्तंभ चौक मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम मोखला प.ह.नं.34 रा.नि. मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 2629 रकबा 0.4600 हे. भूमि हेमीनबाई पति येशलाल सतनामी के निम पर राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में भूमिस्वामी का वर्ग अनुसूचित जनजाति एवं जाति ST दर्ज जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा भूराजस्व अभिलेख के ऑनलाईन रिकार्ड में हुए त्रुटि को सुधार कर जाति सतनामी वर्ग– अनुसूचित जाति दर्ज किये जने हेतु आवेदन सह–पत्र सहित इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 21/03/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ /अ-6-अ/वर्ष 2024-25
ग्राम–लखौली प.ह.नं.–33, रा.नि.मं.–भिलाई

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासीयों को सूचित किया जाता है, आवेदक **पराग लाल पिता छबिराम** जाति महेर निवासी व काश्तकार ग्राम लखौली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम लखौली प.ह.नं. 33 रा.नि. मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 160, 750, 757, 970 रकबा क्रमशः0.59, 0.05, 0.02, 0.90 हे. कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 1.56 हे भूमि **पराग लाल, परागा पिता छबिराम** के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में सहखातेदार **परागा पिता छबिराम के स्थान पर परागा पति छबिराम दर्ज** हो गया है। जो त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा भूराजस्व अभिलेख के ऑनलाईन रिकार्ड में हुए त्रुटि को सुधार कर **परागा पिता छबिलाल** दर्ज किये जाने हेतु आवेदन सह–पत्र सहित इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 24/03/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ /अ-6-अ/वर्ष 2024-25
ग्राम–लखौली प.ह.नं.–33, रा.नि.मं.–भिलाई

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासीयों को सूचित किया जाता है, आवेदक **भागवत पिता झूरू साहू** जाति तेली निवासी ग्राम गिधवा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम चरौदा प.ह.नं.34 रा.नि. मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 378, 556, 1189 रकबा क्रमशः0.01, 1.04, 0.21, हे. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 1.26 हे भूमि भावगत पिता झूल साहू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में खातेदार **भागवत पिता भुरू साहू** के स्थान पर भागवत पिता झूरू दर्ज हो गया है। जो त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा भूराजस्व अभिलेख के ऑनलाईन रिकार्ड में हुए त्रुटि को सुधार कर **भागवत पिता झूरू साहू** दर्ज किये जने हेतु आवेदन सह–पत्र सहित इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 26/03/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र............ /अ-6-अ/वर्ष 2024-25
ग्राम–बोरिद प.ह.नं.–33, रा.नि.मं.–भिलाई

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासीयों को सूचित किया जाता है, आवेदक **गिरधारी चंद्राकर पिता मनराखन** निवासी ग्राम मोखला तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बोरिद प.ह.नं. 33 रा.नि.नं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 1346, 1364/1, 1365 रकबा क्रमशः 1.03, 2.46, 1.73 है. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 5.22 हे. भूमि **गिरधारी पिता मनराखन** वगै. के नाम पर पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में सहखातेदार दुर्पती वल्द मनराखन दर्ज है, आधार कार्ड में सहखातेदार द्रोपती दर्ज है। उक्त भूमि के ऑनलाईन रिकार्ड में सहखातेदार दुरपति, सरस्वती, पार्वती पति मनराखन दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा ऑनलाईन अभिलेख में हुए त्रुटि को सुधार कर दुर्पती उर्फ द्रोपती किये जाने तथा सहखातेदार दुरपति, सरस्वती, पार्वती पति मनराखन को सुधार कर दुरपति, सरस्वती, पार्वती पिता मनराखन दर्ज किये जने हेतु आवेदन सह–पत्र सहित इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दाया आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 26/03/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

# पीएचडीसीसीआई द्वारा एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

PHDCCI ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से होटल बैबिलॉन इंटरनेशनल, रायपुर, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम (2 दिवसीय कार्यशाला) का आयोजन किया। बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) नवाचारों को पहचानने और सुरक्षित करने में सहायता प्रदान करते हैं और साथ ही इन नवीन उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन में भी मदद करते हैं, जिससे अपार संपत्ति सृजन की संभावनाएं उत्पन्न होती हैं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य देश में एक मजबूत आईपी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना और छत्तीसगढ़ राज्य के एमएसएमई, स्टार्टअप और अन्य संबंधित हितधारकों को अधिक आईपी आवेदन पंजीकृत करने और अपने नवाचारों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में PHDCCI के सीईओ और महासचिव डॉ. रणजीत मेहता, PHDCCI छत्तीसगढ़ राज्य चैप्टर के चेयरमैन श्री प्रदीप टंडन, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC) के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक तथा PHDCCI के सलाहकार डॉ. एच. पी. कुमार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के आरकेवीवाई, रफ्तार एग्री बिजनेस इनक्यूबेटर के प्रमुख एवं मुख्य अन्वेषक-सीईओ डॉ. हुलास पाठक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, छत्तीसगढ़ सरकार के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे, एमएसएमई-डीएफओ रायपुर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक श्री इरपाटे किशोर, यूनाइटेड एंड यूनाइटेड के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं एसोसिएट-लिटिगेशन एवं अभियोजन श्री सोमनाथ डे, PHDCCI की निदेशक सुश्री कंचन जुत्शी और PHDCCI छत्तीसगढ़ राज्य चैप्टर के सह-अध्यक्ष श्री भरत बजाज जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में एमएसएमई, स्टार्टअप, इनक्यूबेटर और प्रौद्योगिकी संस्थानों के 150 से




अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अपने उद्घाटन भाषण में PHDCCI के सीईओ और महासचिव डॉ. रणजीत मेहता ने आईपी यात्रा कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया और देश में नवाचारों के सृजन और पंजीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत आईपीआर के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और पंजीकरण की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था और ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत युवाओं का देश है, जिनमें अपार प्रतिभा और बौद्धिक गहराई है, जिसका व्यावसायिक लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों से आईपीआर को सफलता के उपकरण के रूप में अपनाने का आग्रह किया।

PHDCCI छत्तीसगढ़ राज्य चैप्टर के चेयरमैन श्री प्रदीप टंडन ने अपने स्वागत संबोधन में सभी उपस्थित लोगों का अभिनंदन किया और आज के समय में बौद्धिक संपदा (आईपी) सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और व्यापार रहस्य जैसे आईपी अधिकार एमएसएमई, व्यवसायों, उद्यमियों, कलाकारों और शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईपी यात्रा कार्यक्रम विशेषज्ञों, कानूनी पेशेवरों, उद्योग के नेताओं और नवाचारकर्ताओं को



बौद्धिक संपदा के विभिन्न पहलुओं, कानूनी ढांचे और व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझने के लिए एक मंच प्रदान करता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी प्रमुख वक्ताओं, पैनलिस्टों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। एनएसआईसी के पूर्व अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं PHDCCI के सलाहकार डॉ. एच. पी. कुमार ने अपने थीम संबोधन में नवाचारकर्ताओं और उद्यमियों को इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उन्हें आईपी आवेदन दायर करने से पहले अपनी अवधारणाओं को किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने एमएसएमई को PHDCCI के बौद्धिक संपदा सुविधा केंद्र (IPFC) के माध्यम से निःशुल्क आईपी आवेदन दायर करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई और पहले ही उस विचार को पंजीकृत कर लेता है, तो वह व्यक्ति उसका कानूनी स्वामी बन जाएगा और मूल नवाचारकर्ता अपनी मेहनत का लाभ नहीं ले पाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों को दायर करना महत्वपूर्ण है और एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार इस प्रक्रिया में सभी एमएसएमई को महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करता है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. हुलास पाठक ने ज्ञान साझा करने की महत्ता पर बल दिया, लेकिन साथ ही नवाचारों की सुरक्षा की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में एमएसएमई, स्टार्टअप और नवाचारकर्ताओं के लिए अपार संभावनाएं हैं क्योंकि इस क्षेत्र में नए उत्पादों और अनुसंधान-आधारित नवाचारों के लिए एक विशाल बाजार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषि और संबंधित उद्योगों में व्यापक अनुसंधान करता है, जिससे नवाचार के कई अवसर उपलब्ध होते हैं।

छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने कहा कि अनुसंधान पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका क्रियान्वयन अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भारत ने विश्व स्तर पर सबसे अधिक 4 लाख शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, लेकिन असली चुनौती इनका व्यावहारिक उपयोग सुनिश्चित करना है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के कंप्यूटर उद्योग में क्रांति लाने का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्तमान में भारत एआई अनुप्रयोगों में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने उद्यमियों को अपने उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग स्वयं करने की सलाह दी ताकि वे अपने नवाचारों का पूरा लाभ उठा सकें। एमएसएमई-डीएफओ रायपुर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहायक निदेशक श्री इरपाटे किशोर ने अपने मुख्य संबोधन में एमएसएमई के लिए उपलब्ध विभिन्न योजनाओं और वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार का उद्देश्य एमएसएमई और व्यवसायों को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ावा देना है। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP), मुद्रा लोन योजना, कॉमन फैसिलिटेशन सेंटर (CFC) योजना, ज़ेड योजना, लीन योजना और एमएसएमई इनोवेटिव योजना सहित मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यदि एमएसएमई के उत्पाद वैश्विक मानकों को पूरा करते हैं, तो सरकार उनकी अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने की सभी लागत वहन करती है।उद्घाटन सत्र के बाद कार्यशाला के तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञों ने आईपी पंजीकरण और उसकी प्रक्रियाओं, पेटेंट/नवाचार और एमएसएमई के लिए सरकारी सहायता सहित आईपी से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यशाला में बौद्धिक संपदा (आईपी) के महत्व को न केवल नवाचारों की पहचान और सुरक्षा के लिए बल्कि ब्रांड निर्माण और विपणन के लिए भी रेखांकित किया गया। मजबूत आईपी सुरक्षा संपत्ति सृजन और आर्थिक विकास में सहायक होती है।

यह कार्यशाला दो दिनों तक चलेगी, जिसमें लाइसेंसिंग और फ्रेंचाइज़िंग, निवेश और वित्त पोषण के लिए आईपी का लाभ उठाने, संयुक्त उपक्रम और रणनीतिक गठबंधन, बौद्धिक संपदा अधिकारों का प्रभावी संरक्षण और प्रवर्तन, और बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन के लिए दंडात्मक प्रावधानों पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को आईपी विशेषज्ञों से चर्चा करने और हेल्पडेस्क के माध्यम से अपने आईपी से संबंधित प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आईपी हेल्पडेस्क प्रतिभागियों को आईपीआर पंजीकरण प्रक्रिया को समझने, मंत्रालय की योजनाओं के तहत प्रतिपूर्ति प्राप्त करने और आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए उपलब्ध रहेगा।

## आयुक्त विश्वदीप ने सी एंड डी वेस्ट पर कार्यवाही करने अभियान चलाने दिए निर्देश




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने साप्ताहिक टीएल बैठक में अधिकारियों को शहर में अनेक स्थानों पर सड़कों पर दिखने वाली सी एंड डी वेस्ट पर कार्यवाही अभियान चलाकर सभी जोनों में करने और सड़कों से भवन निर्माण सामग्रियों को जप्त कर सम्बंधित भवन स्वामियों पर सड़क बाधा शुल्क जुर्माना लगाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैँ. आयुक्त ने अधिक से अधिक मात्रा में सड़कों से भवन निर्माण सामग्रियां जप्त कर जरवाय के सी एन्ड डी प्लांट में भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैँ. उन्होंने ठेकेदारों को भवन निर्माण सामग्रियों को सी एंड डी प्लांट भेजने कार्यवाही करने के निर्देश देने कहा है. आयुक्त ने अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण के प्रकरणों में अभियान चलाकर कार्यवाही करने निर्देशित किया है. आयुक्त ने बड़े भवनों का सर्वे कर वहाँ भूतल पर सुव्यवस्थित वाहन पार्किंग की व्यवस्था नियमानुसार भवन स्वामियों को निर्देश देकर सुनिश्चित करने कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैँ. आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को जोन कार्यालयों की व्यवस्था सुधारने और वहाँ आने वाले आमजनों के कार्यों को जोन स्तर पर किया जाना सुनिश्चित करने की व्यवस्था देने के निर्देश दिए हैँ. आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को कार्यालयीन दिवसों में स्वत: सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचना और सभी जोन अधिकारियों और कर्मचारियों का सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से ड्यूटी पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैँ. आयुक्त ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, निदान 1100, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से प्राप्त जनशिकायतों का नियमानुसार त्वरित निदान तत्परता के साथ करवाने के निर्देश दिए हैँ. आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्य दायित्व का अच्छी तरह समय पर निर्वहन करने, आमजनों के साथ अच्छा व्यवहार और आचरण रखने, जनसमस्याएं ध्यानपूर्वक सुनकर उनका यथासंभव निदान करवाने का कार्य और प्रयास करने के निर्देश दिए हैँ. आयुक्त ने जोन अधिकारियों को सभी मुख्य मार्गो के चौक - चौराहों को स्वच्छ और सुन्दर रखने, तालाबों, उद्यानों की स्वच्छता व्यवस्था बनाये रखने पर विशेष ध्यान रखने कहा है, ताकि आमजनों को नगर विकास कार्यों का सहज तरीके से समुचित लाभ प्राप्त होता रहे.आयुक्त ने गर्मी में संभावित जल संकट से ग्रस्त स्थानों को चिन्हित कर व्यवहारिक आवश्यकता के अनुसार पानी टैंकरों से नागरिकों को सुगम जलपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैँ. बैठक में अपर आयुक्त सर्वराजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू. एस. अग्रवाल, पंकज के. शर्मा, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक ( तकनीकी ) पंकज कुमार पंचायती, उपायुक्त डॉक्टर दिव्या चन्द्रंशी, जसदेव सिंह बाबरा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, सभी विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति रही.

**Notice under section 72 of Indian Partnership Act 1932**

Notice is hereby given for change in constitution of Firm "M/s SHOURYA CONSUMER SERVICES" Head office at KUSUM COMPLEX, TV STATION ROAD, JAIN MANDIR, SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G). Where in Shri Satish Jain has retired from the firm as a Partner w.e.f 03.02.2025.

For, M/s SHOURYA CONSUMER SERVICES
(Partner)

### नगर निगम की कार्रवाई

## सम्पत्ति विरूपण, सड़क बाधा और ग्रीन नेट न लगाने पर जुर्माना

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम नगर निवेश विभाग द्वारा विभिन्न जोनों के क्षेत्रों में शासकीय सम्पति में सम्पति विरूपण किये जाने पर सम्बंधित 5 सस्थानों पर नोटिस देकर कुल 45 हजार रूपये का जुर्माना किया है. नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग द्वारा कचना में अविनाश ग्रुप के चितवन प्रोजेक्ट का प्रचार विज्ञापन किये जाने पर 5 हजार रूपये का जुर्माना सम्बंधित विज्ञापनकर्ता आकाश जैन पर किया है, वहीं जोन 4 नगर निवेश विभाग ने महादेवघाट स्थित कृष्णा साल्वम के संचालक पर जोन 4 के तहत मालवीय रोड, कालीबाड़ी मार्ग में सम्पति का विरुपण करने पर 10 हजार रूपये, मेसर्स साई



कोचिंग ( साई एग्री क्लासेस ) कालीबाड़ी चौक के पास के संचालक हेमंत सिन्हा पर कालीबाड़ी मार्ग एवं अन्य स्थानों पर शासकीय सम्पति का विरुपण करने पर 10 हजार रूपये, जोन क्रमांक 7 नगर निवेश विभाग द्वारा राजकुमार कॉलेज के सामने भाटिया काम्प्लेक्स में स्थित महर्षि विद्या मन्दिर - 2 के संचालक पर 10 हजार रूपये, प्रभात टाकीज के संचालक पर फिल्म (लॉकडाउन के मजा ) का शासकीय सम्पति का विरुपण कर अवैध प्रचार विज्ञापन किये जाने पर 10 हजार रूपये का जुर्माना नोटिस जारी करते हुए किया है एवं अगले 3 दिन के भीतर जुर्माना अदा नहीं किये जाने पर सम्बंधित पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाने की चेतावनी सम्बंधित संस्थाओं को दी गयी है. नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन के तहत न्यू राजेन्द्र नगर मार्ग में वी. एस. फैंसी स्टोर, बाबा पिचकारी एंड गुलाल सेंटर,गुरुकृपा फेंसी स्टोर पर 1-1 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है. वहीं लालपुर सर्विस रोड में मंशाराम साहू पर सड़क बाधा शुल्क 1000 रूपये और कल्याण सिंह ठाकुर पर सड़क बाधा शुल्क रूपये 1000 का जुर्माना किया गया है. मंशाराम साहू और कल्याण सिंह ठाकुर शीतला तालाब के समीप के निवासी पर 2=2 हजार रूपये का जुर्माना निर्माण कार्य में माननीय एनजीटी के निर्देश पर वायु प्रदूषण पर कारगर नियंत्रण हेतु आवश्यक ग्रीन नेट नहीं लगाए जाने पर 2-2 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है.

## होलिका दहन स्थल पर डाली जाएगी मुरुम, पेयजल भी पर्याप्त उपलब्ध कराने के निर्देश




**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा होलिका दहन के दिन दिनांक 13 मार्च तथा 14 मार्च 2025 को होली खेलने के दिन के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैँ । होलिका दहन स्थलों पर मुरुम बिछाने और पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति रखने के निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम के सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों को निर्देश दिया है कि शहर के प्रस्तावित होलिका दहन स्थल पर मुरुम पहले से ही बिछा दिया जाए। इससे सड़कों को खराब होने से बचाया जा सकेगा। साथ ही गली - मोहल्लों और चौक -चौराहों की होलिका समितियों को भी कहा जाए कि मुरुम के ऊपर ही होलिका जलाई जाए। इस कार्य के लिए मुरुम के साथ ही रेत का भी उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होली पर्व पर नगर में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, सडकों पर भवन निर्माण सामग्री को विशेष रूप से जप्त किया जाये तथा यह ध्यान रखा जाये कि सडक पर भवन निर्माण सामग्री ना रहे । नलों में निर्धारित समयावधि में पर्याप्त पानी आवे, यह सुनिश्चित किया जाये और निरंतर पेयजल उपलब्ध रहे, यह भी सुनिश्चित हो। अग्निशमन व्यवस्था दुरूस्त रखने हेतु कमाण्डेंट होमगार्ड से समन्वय कर कार्यवाही की जाये ।=

## स्वच्छता नियमों की अनदेखी पर 81720 रुपये का जुर्माना, 149 स्थानों और 38 दुकानों पर कार्रवाई




**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। लगातार दूसरे दिन नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन शाखा, सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के मार्गनिर्देशन में प्रतिदिन तेजी से तैयारियां निरंतर प्रगति पर हैँ. नागरिकों के मध्य लगातार सफाई को लेकर जनजागरण किया जा रहा है. वहीं गन्दगी और कचरा फैलाने वालों पर और दुकानों में डस्टबिन नहीं रखे जाने पर सम्बंधित लोगों पर चेतावनी देकर जुर्माना लगातार किया जा रहा है. इसके तहत नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग और जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत सफाई को लेकर जनजागरण करते हुए विगत दिवस नगर निगम के सभी 10 जोनों के बाजार क्षेत्रों में गन्दगी फैलाने पर विभिन्न 149 स्थानों पर सम्बंधित लोगों से कुल 76120 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते हुए किया है, वहीं 29 दुकानों में निरीक्षण के दौरान डस्टबिन नहीं मिलने पर सम्बंधित 38 दुकान संचालकों से कुल 5600 रूपये का जुर्माना उन्हें भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देकर वसूला गया है.

## आयुक्त विश्वदीप ने अधिकारियों को राजधानी को स्वच्छ बनाने के कार्य में नगर के प्रति अपना दायित्व अच्छी तरह निर्वहन करने कहा

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2024 की प्रशासनिक तैयारियों को पुख्ता तौर पर करवाने के कार्य सहित रायपुर को राजधानी के अनुरूप स्वच्छ बनाने के कार्य में नगर के प्रति अपने दायित्व का अच्छी तरह से निर्वहन करने कहा है, ताकि नागरिकों को एक स्वच्छ नगर की व्यवस्था का लाभ समुचित रूप से प्राप्त होता रहे. आयुक्त ने उद्यानों और तालाबों को स्वच्छ बनाने का कार्य सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता सम्बंधित कार्य दायित्वों को निर्वहन करते सहित आमजनों को स्वच्छता के



प्रति निरंतर जागरूक बनाने पर कार्य करने कहा है, ताकि कराये गए विकास कार्यों के स्थलों पर कहीं भी कोई गन्दगी ना फैलाई जाये और उनका लगातार वांछित लाभ नगर में आमजनों को मिलता रह सके. गन्दगी और कचरा फैलाने वालों पर लगातार जुर्माना कार्यवाही करने के निर्देश व्यवस्था सुधार की दृष्टि से दिए गए हैँ. सफाई के प्रति जनजागरण कर अधिकाधिक नागरिकों को स्वच्छता फीडबैक देने स्वच्छ अभियान से जोड़ने कहा है.

## निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग ने पंडरी में वनश्री इंटरप्राइजेस का आकस्मिक निरीक्षण लगभग 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जप्त किया

**रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में जोन 3 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय के वैज्ञानिक मानिक चंदेल, उप अभियंता एस. के. चौधरी, निगम जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन ताण्डी सहित जोन के अन्य सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में पुलिस प्रशासन बल के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के पंडरी बाजार क्षेत्र में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण




की दृष्टि से दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन की आकस्मिक जाँच और स्थल निरीक्षण किया. आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पंडरी बाजार क्षेत्र में वनइंटरप्राइजेस दुकान से लगभग 200 किलोग्राम ( लगभग एक टाटा 407 वाहन को भरकर ) प्रतिबंधित पॉलीथिन को जप्त कर नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन ताण्डी ने सम्बंधित दुकान संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी है. अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा.

# होली जो हो ली पर भूले नहीं भूली

होली पर्व फागुन माह का सिरमौर पर्व है। चहूं ओर हलचल मचा देने वाले पर्व होली के आनंद को पलास के रंग-बिरंगे फूल,आम के बौर और कोयल की कुहु कुहु द्विगुणित कर देते हैं। वर्ष के पूरे ग्यारह माह की भागम-भाग भरी जिंदगी के बाद आनंद सागर में हिलोरे लेने का सुख यह पर्व देता ।होली पर्व पर हंसी ठिठोली के बीच हुई कुछ बातें, कुछ घटनाएं अविस्मरणीय रह जाती हैं। जीवन की वो होली जो हो ली पर भूली नहीं गई की परिचर्चा में शामिल रचनाधर्मियों ने ऐसे मजेदार प्रेरक किस्से बताए।







होली में खाई अर्धांगिनी की बोली की गोली – रामेश्वर वैष्णव

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कवि- व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव ने बताया- विजय भाई,बात 1984 की है ।मैं पाण्डुका गरियाबंद में उपडाकपाल था। बचपन से ही रंग खेलने,हुल्लड़ करने का कोई शौक नहीं था ।हां होली में कवि सम्मेलन पाकर गदगद हो जाता था।

ऐसे ही एक बार होली की पूर्व संध्या भिलाई कवि सम्मेलन में शामिल हुआ। सुबह तक चले सम्मेलन के बाद तगड़ा पारिश्रमिक वाला लिफाफा लेकर रायपुर बस स्टैंड पहुंच गया।

बच्चों के लिए रंग पिचकारी, मिठाई की खरीद करके जब पांडुका जाने बस ढूंढ़ा तब पता चला धूरेड़ी के दिन बस चलती ही नहीं है ।मेरा माथा ठनक गया ।एक घंटे बाद वहां से गुजरते एक ट्रक वाले से लिफ्ट लेकर नवापारा तक पहुंच गया। झोले में बच्चों की खुशियां थी और मेरे घर पांडुका की दूरी मात्र बाईस किलोमीटर शेष थी ।इच्छा हुई पैदल निकल पडूं ,पर रात भर जागे तन मन ने साथ नहीं दिया। शाम हो गई पर कोई जुगाड़ नहीं हुआ ।तभी मेरे कवि मित्र पोस्ट मास्टर राधेश्याम सिंदूरिया प्रगट हुए और मेरी दुर्दशा देख बड़ी आत्मीयता के साथ डाक भवन ले गए।

नहाते खाते तक शाम का धुंधलका अंधेरे में परिणित हो गया। वहीं रात्रि विश्राम मेरी मजबूरी बन गई ।चिंता थकान के मारे रात भर नींद नहीं आई ।सबेरे उठकर पहली बस से घर भागा। घर पहुंचा तो बच्चे तो बेहद खुश हुए मगर श्रीमती जी ने धुंआधार कड़ुए प्रवचन का जबरदस्त स्वाद चखाया। होली के दिन गायब रहने की सजा अर्धांगिनी की बोली की गोली के रूप में मिली। हालांकि सारी कथा सुनकर वह भी ठहाके लगाती रही।



महंगे गहने न पहनें होली में-डॉ शैल चंद्र

परिचर्चा में भागीदारी देते हुए साहित्यकार डॉ शैल चंद्रा बोली-- अमित जी, बात उन दिनों की है जब मैं दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। हम रायपुर के ब्रह्मपुरी में रहते थे। हमारे बगल में तहसीलदार का बड़ा सा घर था ।वहाँ मोहल्ले की सारी लड़कियाँ होली खेलने जमा होती थीं। मैं राधा बनती थी और मेरी सहेली मधु कृष्ण बनती थी। हम लोग रंग गुलाल में डूबे खूब मस्ती और डांस करते थे।

हर बार की तरह मैं कान में सोने की बड़ी बड़ी बालियां पहने राधा का रूप धरे होली खेलने में मस्त थी। तभी मेरी एक सहेली ने कहा卐 शैल तेरे एक कान की बाली कहाँ है?卐 मेरी बाली कहीं गुम हो गई थी ।ढूंढने पर भी नहीं मिली ।डांट-मार के डर से मेरा जी धक- धक करने लगा ।मैं रोने लगी। तभी अम्मा फटकार लगाते हुए बोली- शैल तेरी मति मारी गई थी क्या?कीमती गहने पहनकर कौन होली खेलता है? होली का मजा किरकिरा हो गया पर उस दिन सीख मिली कि महंगे आभूषण होली के दिन नहीं पहनना चाहिए।

सबसे सस्ता त्योहार है होली -विवेक वासनिक

आनंद उल्लास से सराबोर कर देने वाला सबसे सस्ता त्योहार होली है। चुटकी भर गुलाल का टीका बड़े बड़े बैर भाव को मिटा कर मित्रता में बदल देने की ताकत रखता है। यह कहते हुए राजगामी सम्पदा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ संगीतकार विवेक वासनिक ने बताया -मुझे याद है विजय भाई, हमारे गांव में बसंत पंचमी के दिन अंडा पेड़ की एक शाखा को होली स्थल पर गाड़ा जाता था। सुखी लकड़ियां और कंडो की होली जलाई जाती थी ।पर अब जो सामाजिक एवं पर्यावरण प्रदूषण का खेल चल रहा है वह इस सुंदर त्यौहार को कलंकित कर रहा है। नशापान, मारपीट गाली गलौच,बेढंगे वेशभूषा, भौंडा नाच गाना होली की पहचान बनती जा रही है।

इसे रोकने के लिए गत वर्ष मोहल्ले के हुरियारों को समझाया तो वे जलती होली की तरह भभक उठे। मेरे ऊपर बाल्टी भर ठंडा पानी उंडेल कर बुरा न मानो होली है कहते हुए भाग गए ।पानी की बरबादी,हरे वृक्षों की कटाई से सस्ता पर्व होली मंहगा पर्व बनते जा रहा है ।अतः बहके लोगों को कहना चाहूंगा ''हरे पेड़ कटने न दे,जलस्तर घटने न दे,भाईचारे को बंटने न दें, होली पर्व का यही पैगाम है। हिन्दू को राम राम मुस्लिम को सलाम है।

जीजा की बाड़ी का घेरा चोर साला -डॉ पी सी लाल यादव

होली की यादों का पिटारा खोलते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ पी.सी. लाल यादव ने बताया- विजय भाई,फागुन के आते ही मन बहकने लगता है। लाल टेसू की भांति दहकने लगता है ।जब घिड़कता है नगाड़ा तो तन मन थिरकने लगता है ।ऐसे मदमस्त माहौल में बालपन में हम बड़ी शरारत किया करते थे ।किसी के कंडे, बैलगाड़ी के डंडे पर नजर पड़ते ही टिड्डी दल की भांति उसे होली के लिए उड़ा ले जाते थे ।एक बार गांव के कन्हैया जीजा की बाड़ी में लगे लकड़ी के घेरे पर हमारी नजर लग गई,किंतु कन्हैया जीजा चौकीदारी में लगे रहते थे अतः हम कुछ नहीं कर पा रहे थे।

कन्हैया जीजा से मेरी अच्छी तालमेल थी। इसी का फायदा उठाते हुए प्लान बनाकर मैं कन्हैया जीजा के पास खाना खाने के समय पहुंचा और बोला - खाना खाने नहीं गए जीजा? मेरा सवाल सुनकर भूख से तिलमिलाते हुए वे बोले-खाने जाऊंगा तो बाड़ी के लकड़ी खम्भे को छोकरे उखाड़ कर ले जाएंगे। खैर तुम आ गए हो तो मैं जल्दी ही खाकर आता हूं। तब तक तुम रखवारी करना।

अंधा चाहे दो आंख की तरह मुझे मौका मिला तो मैंने कहा-हां हां,आप जाइए। मैं रखवारी करता हूं। जीजा के जाते ही वानर सेना की तरह मेरे साथी बाड़ी के घेरे में लगे खम्भों को उखाड़ ले गए। उसे देखकर मन ही मन मैं पुलकित हो रहा था। तभी कन्हैया जीजा के आने की आहट पाकर मैं जोर-जोर से कराहने लगा। जीजा करीब आए तो कराहते हुए मैंने बताया- आपके जाते ही बहुत से छोकरे आए ।मेरी एक नहीं चली ।वे पूरे खम्भे उखाड़कर ले गए। मेरी बातों पर कन्हैया जीजा को भरोसा हो गया ।वे सिर पकड़कर बैठ गए। उनसे विदा लेकर जब मैं होली स्थल पर पहुंचा तो सारे साथी विजयी मुस्कान के साथ नाचने लगे।

परिचर्चा में शामिल साथियों ने सार में यही संदेश दिया है कि- होली पर्व छोटे बड़े,जात-पांत भूला कर एक हो जाने का संदेश देता है ।होली की आड़ में संस्कृति में आ रही विकृति, समाजिक रिश्तों में गिरावट को रोकते हुए भाई चारे के सुख सागर डूबकी लगाते कहें- राधा का रंग और कान्हा की पिचकारी,प्रेम के रंग में डूबे दुनिया सारी, होली जात देखे न बोली, मुबारक हो सबको होली।

*विजय मिश्रा 'अमित'*
वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी
अग्रोहा सोसायटी, पोआ-सुंदरनगर रायपुर (छग)492013
मोबा. 98931 2331

## आइए खेलते हैं, हंसी-ठिठोली की होली, प्रेम की पिचकारी से

इस वर्ष चैत्र कृष्?ण प्रतिपदा तिथि का आरंभ 14 मार्च को दिन में 12 बजकर 25 मिनट के बाद हो रहा है। इससे पहले तक फाल्गुन पूर्णिमा तिथि रहेगी। ऐसे में 14 मार्च को दिन में प्रतिपदा तिथि लग जाने से रंगोत्सव 14 मार्च को ही मनाया जा रहा है। जबकि होलिका दहन 13 मार्च को किया जा रहा है। होलिका दहन के दिन भद्रा का साया सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू हो जाएगा और इसका समापन रात 11 बजकर 26 मिनट तक होगा, इसी के बाद होलिका दहन किया जाएगा। इस दिन भद्रा का साया करीब 13 घंटे का रहेगा।

होलिका के लिए एक पेड़ की टहनी को भूमि में स्थापित किया जाता है और उसे चारों ओर से लकड़ियों, कंडों व उपलों से ढक दिया जाता है। शुभ मुहूर्त में इस संरचना में अग्नि प्रज्वलित की जाती है। इसमें छेद वाले गोबर के उपले, गेहूं की नई बालियां और उबटन अर्पित किए जाते हैं। ऐसा विश्वास किया जाता है कि यह अग्नि व्यक्ति को पूरे वर्ष स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है और नकारात्मक शक्तियों को नष्ट कर देती है। होलिका दहन के बाद राख को घर लाकर तिलक लगाने की भी परंपरा है। इस दुनिया मे जो भी सुख-दु:ख है वह हम सबके अपने-अपने कर्मों के कारण है। इस दुनियादारी के दु:खों के बीच ही हम थोड़े समय के लिए होली जैसे पर्वों के माध्यम से सुख खोजते है। क्षणिक सुख की यही घड़ी हमें होली पर मदहोश कर देती है और हम विनोद भाव से हंसी-ठिठोली कर होली का रसास्वादन प्राप्त करते हैं।

सत्य यही है कि सारा संसार आज दु:खो की होली खेल रहा है। सभी एक-दूसरे पर पांचों विकारों व उनके वंशों के बदरंगों की बौछार कर रहे हैं ।किसी पर काम का रंग चढ़ा है तो किसी पर क्रोध का रंग, कोई लोभ में मदहोश है तो कोई मोह के रंग से रंगा हुआ है। स्वार्थ, इर्ष्या, द्वेष, घृणा, अमानवीयता, आपराधिक आकर्षण और बेवजह की आवश्यकता के सूक्ष्म बदरंगों से तो कोई बचा ही नहीं है। इन सबके मूल में है देह अभिमान का रंग, जिसके कारण आज हम सबकी आत्मा भी बदरंग हो गयी है। जबकि आत्मा का वास्तविक गुण रूपी रंग ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति व आनंद का है ,जो कहीं छिप-सा गया है और उसके ऊपर विकारों का कीचड़ आ जाने से सब उल्टा-पुल्टा हो गया है। हम सभी को विकारों के रंग के बजाए आत्मिक रंगों से रंगकर सारे विश्व को आत्ममय बनाना चाहिए। यह आत्मिक रंग एक परमात्मा के सत्संग द्वारा प्राप्त होता है। शिव परमात्मा ही नयी दुनिया के स्थापनार्थ कल्प कल्प संगमयुग में अवतरित होकर अपने आत्मा रूपी बच्चों को अपने संग के रंग से रंगकर आप समान पवित्र बना देते हैं। इसे ही सच्ची होली मनाना भी कहते हैं। होली मनाने के लिए पहले अपवित्रता व बुराईयों को भस्म करना होगा। विकार भाव भूलकर पतित से पावन बनकर हमें आपस में भाई-भाई की वृत्ति रखनी होगी तभी हम अविनाशी रंग का अनुभव कर सकेंगे।

परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं- पहला होली अर्थात? बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिन्ता न करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो, योगयुक्त होकर करो। दूसरा होली अर्थात? हो गई यानी मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई, अब जो भी कर्म करना है, वह ईश्वर की मत पर ही करना है। तीसरा होली अर्थात? पवित्रता। हमें जो भी कर्म करने हैं, वे किसी भी विकार के वश होकर नहीं वरन? पवित्र बुद्धि से करने हैं।

होली का त्योहार हिन्दू वर्ष के अंतिम मास फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाता है। जिसे हम सृष्टि चक्र के रूप में भी समझ सकते हैं। सृष्टि चक्र के दो भाग हैं, ब्रह्मा का दिन और ब्रह्मा की रात्रि। ब्रह्मा का दिन है सतयुग-त्रेतायुग। उस समय सभी देवात्मायें ईश्वरीय रंग में रंगी होती हैं। लेकिन जब द्वापरयुग आता है और ब्रह्मा की रात्रि का प्रारंभ होता है तो मानवात्मायें विकारों से ग्रसित हो बदरंग होने लगती हैं। कलियुग के अंत तक तो इतनी बदरंग हो जाती हैं कि अपनी असली पहचान से पूरी तरह दूर चली जाती हैं, तब निराकार परमात्मा शिव धरती पर अवतरित होकर विकारों से बदरंग बनी आत्माओं को अपने संग का रंग लगाते हैं। उन्हें उजला बनाते हैं।

## सेहत नामा ...

# आंवला पाउडर में मिलाकर लगा ली यह चीज, तो सफेद बालों को मिल जाएगा गहरा काला रंग

उम्र बढ़ना और बालों का सफेद होना ऐसी प्रक्रिया है जिसे रोका नहीं जा सकता है. आंवला पाउडर में इंडिगो पाउडर मिलाकर हेयर डाई बनाकर लगाई जा सकती है. इस इफेक्टिव हेयर डाई से सफेद बाल कुछ मिनटों में ही काले हो जाते हैं और 3 से 4 हफ्तों तक बालों पर गहरा काला रंग बना रहता है. इंडिगो केमिकल फ्री पाउडर होता है जिससे कपड़ों को गहरा रंग दिया जाता है और इससे बालों के लिए भी हेयर डाई बनाई जा सकती है. हेयर डाई बनाने के लिए 100 ग्राम मेहंदी, 50 ग्राम आंवला पाउडर और 100 ग्राम इंडिगो पाउडर को लेकर इसमें जरूरत के अनुसार पानी मिलाकर पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को मिक्स करें और 2 घंटे के करीब अलग उठाकर रख दें. अब इस तैयार हेयर डाई को बालों पर लगाएं और 45 मिनट से एक घंटे के बीच लगाकर रखने के बाद सिर को धोकर साफ कर लें. इसे एक से डेढ़ घंटा लगाकर भी रखा जा सकता है. इंडिगो की इस हेयर डाई से सफेद बालों को गहरी काली रंगत मिल जाती है.



मेहंदी लेकर उसमें चायपत्ती या फिर कॉफी का पानी मिलाकर पेस्ट तैयार करें. इस पेस्ट को बालों पर कुछ देर लगाकर रखने के बाद धोया जाए तो बाल काले नजर आने लगते हैं. बालों को गहरा काला रंग मिले इसके लिए यह हेयर डाई एक घंटा लगाकर रखने के बाद धोकर हटाएं.

आंवला और ब्राह्मी पाउडर को भी बाल रंगने के लिए लगा सकते हैं. अगर आपके सिर पर इक्के-दुक्के सफेद बाल हैं या फिर आप प्रीमेच्योर वाइट हेयर से परेशान हैं तो आंवला और ब्राह्मी पाउडर को सिर पर लगा सकते हैं. सरसों के तेल में कलौंजी को पकाकर सिर पर लगाने से बाल समय से पहले सफेद नहीं होते हैं. इस तेल को हफ्ते में 1-2 बार सिर पर लगाया जा सकता है. सफेद बालों को हफ्ते में 3-4 बार चायपत्ती के पानी से धोने पर भी बाल काले होने लगते हैं. इस मिश्रण से बालों की रंगत गहरी हो जाती है और बाल सफेद नजर नहीं आते हैं.

## यूरिक एसिड में इस पीले फल का सेवन है बेहद लाभकारी

हाई यूरिक एसिड तब होता है जब आपका शरीर प्यूरिन पचाने में असमर्थ होता है। बता दें,प्यूरीन शरीर में स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होने वाला पदार्थ है और कुछ खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों में भी ये काफी मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में इन खाद्य पदार्थों का सेवन आपके शरीर में यूरिक एसिड को बढ़ाता है। जब शरीर में यूरिक एसिड बढ़ता है तो इस वजह से जोड़ों में क्रिस्टल जम होने लगते हैं जो जॉइंट्स में सूजन और दर्द का कारण बनते हैं। इससे गाउट की समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में इसे कंट्रोल करने के लिए डाइट बेहतर करें और अपने आहार में केला का सेवन शुरू करें। चलिए, जानते हैं केला यूरिक एसिड में कैसे फायदेमंद है और इसका सेवन कैसे करें? केला बहुत कम प्यूरीन वाला फूड है। यह विटामिन सी का भी एक अच्छा स्रोत है जो शरीर के एल्काइल नेचर को बढ़ाकर यूरिक एसिड के क्रिस्टल को पिघला सकता है। यानी जो प्यूरिन आपके जोड़ों में जमा हो जाते हैं और दर्द और सूजन पैदा करते हैं, केला उसे शरीर से डिटॉक्स करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इसका सिट्रिक एसिड बॉडी में यूरिक एसिड की समस्या को कम करने में मदद करता है। यूरिक एसिड में आपको केला दोपहर के खाने के बाद खाना चाहिए। आप रोज़ाना दो से तीन केला का सेवन कर सकते हैं। रेगुलर कुछ दिनों तक केला खाने से आपको फायदा नजर आएगा। केला खाने से कब्ज से भी छुटकारा मिलता है। यूरिक एसिड की समस्या में केला का सेवन काफी फायदेमंद है। ये फाइबर से भरपूर है जो शरीर का मेटाबोलिज्म तेज करता है। ये रफेज भी है जो कि प्यूरिन के कणों को अपने साथ बांध कर मल के साथ शरीर से बाहर निकाल सकता है। साथ ही पाचन क्रिया को इतना तेज कर देता है कि शरीर हर चीज को आसानी से पचा लेता है।

सुषमा के स्नेहिल सृजन
छंद - मनहरण घनाक्षरी

## श्याम संग होली

------------

होली में पधारो सभी, पिचकारी संग सखी,
आओ खेले राधा रानी,
कान्हा को बुलाइए।


भीग रहे अंग-अंग, मस्त-मस्त श्याम रंग,
अबीर गुलाल धर,
प्यार से रिझाइए।

पिचकारी धार अब, कन्हैया के पीछे सब,
दौड़े भागे खेलें होली,
पास जरा आइए।

'सुषमा' सुंदर लगे, प्रेम गीत होठ सजे,
श्याम सखा मीत मिले,
प्रीत को निभाइए।

--------------

...कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल(रायगढ़/रायपुर)



## सुडोकू


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 2 | 7 | 3 | |
| | | 1 | | 9 | | | | |
| 5 | | | | | 4 | 1 | | |
| 8 | | | 6 | | | | | 2 |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| 7 | | | | | 1 | | | 8 |
| | | 9 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 8 | 2 | 4 | | | | 5 | |

**नियम :**1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं। **हल अगले पन्नों पर**

## आज का राशिफल

- मेष- आज का दिन आपके लिए अच्छी संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा।
- वृष - आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। सरकारी योजनाओं का भी आपका पूरा लाभ मिलेगा। आपके धन धान्य में वृद्धि होगी।
- मिथुन- आपको इधर-उधर की बातों में आने से बचना होगा। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। कोई नया काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।
- कर्क -आज का दिन आपके लिए खर्चो से भरा रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।
- सिंह- सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपको टेंशन अधिक रहेगी। आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों पर भी पूरा ध्यान देंगे। रोजगार को लेकर भटक रहे लोगों को कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।
- कन्या- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा।
- तुला- आप मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपके कुछ प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।
- वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों से यदि संबंधों में कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दें।
- धनु - आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। आप किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं। आपकी संतान को किसी नए कोर्स में दाखिला दिलाने की इच्छा पूरी होगी।
- मकर -आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपके शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। वाहनों का प्रयोग आपको सावधान रहकर करना होगा।
- कुंभ -आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। पारिवारिक समस्याओं से आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।
- मीन- आपको बिजनेस में भी अकस्मात धन लाभ मिलने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप भविष्य को लेकर कोई प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

## वर्ग पहेली



**बायें से दाये**

1.चुनाव करने वाला अफसर
6.तिमिर के जीव, रात्रिचर
7.नगर पुलिस,नगर सिपाही
10.दादा का पिता
13.हाथ,टैक्स
15.हल, निदान, निराकरण
17.खाना बनाने वाला
18.बीता दिन, आने वाला दिन
19.पानी भरने की जगह
20.पानी ले जाने का नाला
21.आम या सुपारी काटने का औजार
23.बेवकूफ, नालायकी करने वाला
25.घटना , वाकया
27.आसन, बैठने की कुर्सी
28.गर्दन, ग्रीवा

**ऊपर से नीचे**

1.बिनाशोर , चुपके से
2.भारी , वजनी
3.धिक्-धिक्
4.खाली होना, खत्म होना
5.पांव , पैर
8.मुद्गर, एक शस्त्र
9.सुश्रुषा, आवभगत
11.कमर का गहना
12.चांद, मयंक
14.मछली,मत्स्य
15.समानता के पक्षधर
16.पानी की पाईप
17.चारपाई, खटिया
19.पहनने का ढंग या तरीका
22.दुबला, कम मोटा
24.यमराज, एक देवता
26.धब्बा, निशान

**( हल पेज 5 पर )**

## सार-समाचार

### दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग व अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एलएचबी कोच का प्रावधान



**बिलासपुर,** प्रतिदिन राजधानी । रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा रहा है । इस तारतम्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली सभी गाड़ियों में योजनाबद्ध तरीके से पुराने पारंपरिक कोचों के बदले सुविधाजनक, आरामदायक और ज्यादा सुरक्षित नई तकनीक वाले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । इसी कड़ी में गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में दुर्ग से 10 मार्च 2025 से तथा अम्बिकापुर से 11 मार्च 2025 से पारंपरिक कोचों के बदले एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में 11 मार्च 2025 से एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।इससे यात्रियों को बेहतर आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिल रही है । उल्लेखनीय है कि एलएचबी कोच यात्रियों के लिए काफी आरामदायक व सुविधायुक्त होता है । रेल परिचालन की दृष्टि से एलएचबी कोच काफी सुरक्षित भी है । वर्तमान समय की मांग पर अगर स्पीड की बात की जाए तो ये कोच सामान्य कोचों की अधिकतम गति 110-130 कि.मी. की तुलना में 160 से भी अधिक की गति के लिए डिजाईन की गई है 7 एलएचबी कोच में हाइड्रोलिक सस्पेंशन का प्रयोग किया जाता है । वही दाएं बाएं मूवमेंट के लिए भी सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है, जिससे सफर आरामदायक हो जाता है ।

### CGPSC प्रीलिम्स 2024 का रिजल्ट जारी, 3737 अभ्यर्थी मेंस के लिए क्वालीफाई


**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने प्रीलिम्स 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, आबकारी सब इंस्पेक्टर समेत 17 सेवाओं के 246 पदों पर भर्ती की जाएगी। परीक्षा 9 फरवरी 2025 को दो पालियों में आयोजित हुई थी। जारी परिणाम के अनुसार, कुल 3737 अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा (मेंस) के लिए क्वालीफाई किया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट psc.cg.gov.in पर देख सकते हैं।




90 पद आबकारी सब इंस्पेक्टर के लिए, 21 डीएसपी के लिए

इस भर्ती प्रक्रिया में 246 पदों में से सर्वाधिक 90 पद आबकारी सब इंस्पेक्टर के हैं। डिप्टी कलेक्टर के 7 और डीएसपी के 21 पद शामिल हैं। पिछले साल डीएसपी का कोई पद नहीं था, लेकिन इस बार आयोग ने 21 पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी जारी की है। प्रीलिम्स परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अब मुख्य परीक्षा (मेंस) में शामिल होंगे। आयोग ने मेंस परीक्षा की तिथि 26, 27, 28 और 29 जून 2025 निर्धारित की है। चयनित उम्मीदवारों को मेंस परीक्षा के लिए अलग से आवेदन करना होगा, जिसके संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी।

## आज का हल



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |

**Notice under section 72 of Indian Partnership Act 1932**

**Notice is hereby given for change in constitution of Firm "M/s SHOURYA CONSUMER SERVICES" Head office at KUSUM COMPLEX, TV STATION ROAD, JAIN MANDIR, SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G). Where in Shri Shourya Jain has retired from the firm as a Partner w.e.f 01.04.2016 and Mr. Abhishek Jain and Shri Nalin Agrawal desires to admit as a new partner in the firm w.e.f 01.04.2016.**

**For, M/s SHOURYA CONSUMER SERVICES**
**(Partner)**

# आत्मसमर्पित नक्सली कमांडर दिनेश को नक्सली संगठन ने बताया गद्दार, ग्रामीणों ने कड़ी सजा की मांग की

**बीजापुर,प्रतिदिन राजधानी**

नक्सली संगठन के पश्चिम बस्तर डिवीजन में डीवीसीएम रहे दिनेश मोडियम ने अपनी पत्नी व बच्चे के साथ पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद अब नक्सलियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो की प्रवक्ता समता के हवाले से जारी प्रेस नोट में आत्मसमर्पित नक्सली दंपती पर पैसे लेकर भागने का आरोप लगाया गया है। वही गंगालूर में आज बुधवार को रैली निकालकर ग्रामीणों ने आत्मसमर्पित नक्सली कमांडर दिनेश के आत्मसमर्पण का विरोध किया है ।ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दिनेश मोडियम पर 200 से अधिक हत्याओं को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए खूंखार नक्सली कमांडर को आत्मसमर्पण कराकर उसे पुनर्वास नीति का लाभ देने के बजाय उसे कड़ी सजा दिये जाने की मांग की है।



नक्सलियों का कहना है कि दिनेश मोडियम व' उसकी पत्नी गंगालूर एरिया कमेटी की सदस्य कला ताती ने संगठन का पैसा बटोरा और भाग गया। बयान में इसे गद्दारी बताते हुए लिखा गया है कि दिनेश 2004 में कार्यकर्ता के रूप में संगठन में शामिल हुआ। इसके बाद लगातार काम करते हुए वह डीवीसीएम बनाया गया। इसी तरह कला ताती भी 2007 में संगठन में शामिल हुई और सांस्कृतिक टीम में काम करती रही। 2015 में दोनों की शादी हुई। इसके बाद उन्होंने संगठन का पैसा बटोरा और संगठन के साथ धोखाधड़ी करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया।

वही दूसरी ओर गंगालूर में रैली निकालकर ग्रामीणों ने नक्सली कमांडर दिनेश के आत्मसमर्पण का विरोध करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों का कहना है कि, दिनेश मोडियम ने 200 से अधिक हत्याओं को अंजाम दिया है और कई घरों को बेघर किया है। कई ग्रामीणों को उसने गांव से बेदखल किया है। जिसके चलते क्षेत्र के करीब 152 गांव आज भी पिछड़े हुए हैं। दिनेश के द्वारा नक्सल संगठन में रहने के दौरान हथियार के बल पर बेरोजगार युवाओं के अलावा पढ़ने वाले छात्रों के साथ-साथ रोजगार के लिए जाने वाले मजदूरों को महिलाओं को और बच्चों तक की हत्या किया गया है। इसलिए ऐसे खूंखार नक्सली कमांडर को आत्मसमर्पण कराकर उसे पुनर्वास नीति का लाभ देने के बजाय उसे कड़ी सजा दिया जाना चाहिए।

गंगालूर के पूर्व सरपंच राजू कलमू एवं कमकानार के पूर्व सरपंच प्रवीण उइका का कहना है कि खूंखार नक्सली कमांडर दिनेश का खौफ था। जिसके नाम से लोग दहशत में जीते थे। उसके द्वारा किसी को नहीं बक्शा गया। बेकसूर और निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की गई ग्रामीणों को गांव से बेदखल किया। मुखबिरी के नाम पर 200 से ज्यादा हत्याएं की गई।

# चिकित्सा महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव यूफोरिया-2025 का रंगारंग आगाज़

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के प्रसिद्ध वार्षिक उत्सव कार्यक्रम यूफोरिया इंपेटस 2025 का रंगारंग आगाज़ हो चुका है। इसका आयोजन 12 मार्च तक चिकित्सा महाविद्यालय परिसर स्थित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में किया जायेगा। इस बार फेस्टिवल की थीम है:- संस्कृति की सिम्फनी, दिलों को जोड़ना। इंपेटस उत्सव का उद्घाटन चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल ने किया।डीन डॉ. विवेक चौधरी ने कहा, यह कार्यक्रम परंपरा और आधुनिकता का सुंदर मिश्रण है। डॉ. अरविंद नेरल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पूरे दिन छात्रों के चेहरे पर उत्साह और उमंग ने इसे




अविस्मरणीय बना दिया।यूफोरिया कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण प्रेम, हंसी और एकता की भावना से भरा हुआ था। इसमें भावपूर्ण संगीत प्रदर्शन, मार्मिक कविता पाठ और नृत्य प्रदर्शन शामिल थे। छात्रों और शिक्षकों दोनों ने इस कार्यक्रम में समान रूप से अपनी भागीदारी निभाई। आद्या शर्मा ने ऋतिक रोशन के गाने ऐ मेरे दिल तू गाये जा..., मुस्कान साहू ने महाभारत की थीम सांग पर और विशाखा लिलहरे ने रीमिक्स गीत उई अम्मा... पर सोलो डांस (एकल नृत्य) का प्रदर्शन किया। ट्विन सिस्टर ने क्लासिकल संगीत के रिमिक्स गानों पर युगल नृत्य किया। इसी तरह स्वप्निल सिंह सूरज, साक्षी कन्नौजे , अभिशांक पाल एवं प्रीतिस्मय परिडा ने ड्यूट वेस्टर्न कैटेगरी में गीत गाये।

समूह नृत्य की दो श्रेणियां थीं एक भारतीय और दूसरी पश्चिमी (वेस्टर्न)। भारतीय नृत्य में गुजराती नृत्य, पंजाबी नृत्य और हरियाणवी नृत्य शामिल था। फेस्टिवल इंपेटस 2025 यूफोरिया ड्रामा (मेडिसिनिमा), ग्रुप डांस (रिद्मनिया) और म्युजिकल बैंड परफॉर्मेंस (मेलोडी मिंगल्स) के साथ जारी रहा। नाटक के विषय - पेशेवर दुविधा, साइबर मायाजाल और डॉक्टर के विरुद्ध हिंसा थी।

इस अवसर पर छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य गिरी, कार्यक्रम प्रभारी तेजस्विनी बंजारा, अनुराग उपाध्याय, गायन प्रतियोगिता संयोजक डॉ. मान्या ठाकुर, डॉ. वर्षा मुगुंटवार, संगीत प्रभारी संस्कार गुप्ता, साक्षी कनौजे, नृत्य संयोजक डॉ. स्निग्धा जैन, नृत्य प्रभारी सलीका अग्रवाल, रितेश गुप्ता, एकल और युगल नृत्य के निर्णायक डॉ. शालिनी और नाटक के निर्णायक के रूप में छत्तीसगढ़ी फिल्म के जाने - माने फिल्म डायरेक्टर श्री मनोज वर्मा और श्री शैलेंद्र धर दीवान शामिल रहे।

## निगम में जोन कमिश्नरों को प्रापर्टी लोकेशन एप्प का दिया प्रशिक्षण



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन में सभी जोन कमिश्नरों को नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम के आई टी. विशेषज्ञ रंजीत रंजन ने प्रापर्टी लोकेशन एप्प को डाउनलोड कर संचालन करने का पावर पॉइंट प्रजेटेशन के माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण तृतीय तल सभाकक्ष में दिया. इसके पूर्व जो नों के सहायक राजस्व अधिकारियों और कार्यपालन अभियंताओं को ऑनलाइन प्रापर्टी लोकेशन एप्प के डाउनलोड कर संचालन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है. प्रापर्टी लोकेशन एप्प के माध्यम से सर्च करते ही नगर निगम रायपुर क्षेत्र की किसी भी प्रापर्टी के सम्बन्ध में ऑनलाइन गुगल लोकेशन सहित सम्पतिकर कितना अदा किया गया है और कितना बकाया है, इसकी जानकारी एक क्लीक पर सम्पतिकर दाताओं को मिल जाएगी और वे आसानी से अपना सम्पतिकर नगर निगम रायपुर को अदा कर सकेंगे. आयुक्त विश्वदीप ने सभी जोन कमिश्नरों को दिए गए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत - प्रतिशत राजस्व वसूली सर्वोच्च प्राथमिकता सहित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

## अपराध /दुर्घटना

# रायपुर में कार सवार युवकों से करोड़ों की नगदी बरामद

**रायपुर, प्रतिदिन राजधानी**

रायपुर पुलिस ने आमानाका थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक कार से साढ़े चार करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। कार सवार दोनों युवकों से पूछताछ जारी है, लेकिन उन्होंने अब तक कैश के स्रोत की जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर रकम जब्त कर ली है।

**मुंबई ले जाया जा रहा था कैश**

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चेकिंग पॉइंट बनाकर कार को रोका। तलाशी लेने पर कार में छिपाकर रखा ढाई करोड़ रुपये नगद बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में युवकों ने बताया कि यह रकम रायपुर से मुंबई ले जाई जा रही थी। उन्होंने कैश को कार में विशेष डेक बनाकर छिपा रखा था। पुलिस को संदेह है कि यह हवाला की रकम हो सकती है।



**सघन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी बरामदगी**

होली त्यौहार को देखते हुए रायपुर पुलिस ने शहरभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया है। इसी दौरान इस कार को रोका गया और भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई।

**आरोपियों से पूछताछ जारी**

आजाद चौक सब डिवीजन के सीएसपी, आईपीएस अमन झा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने कैश के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने नगदी जब्त कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## चार्जर में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, गहने, कैश समेत अन्य सामान जलकर खाक



**दुर्ग,प्रतिदिन राजधानी**

गर्मी के मौसम की शुरुआत होते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगी है। भिलाई के शारदा पारा कैम्प 2 में गणेश कुमार साहू के निवास पर भीषण आग लगने से लाखों रुपए का समान जलकर खाक हो गया। इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर में रखे रुपये, गहने, फर्नीचर समेत अन्य सामग्री जलकर खाक हो गए।आग लगने की सूचना पर अग्निशमन विभाग दुर्ग के दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए घर के अंदर घुसकर आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में एक अग्निशमन गाड़ी पानी उपयोग किया गया। बताया जा रहा कि चार्जर में शार्ट सर्किट से घर में आग लगी है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है। दमकल कर्मियों ने आगजनी स्थान पर समय पर पहुंचकर आग को समय पर काबू पाया और आग को फैलने से रोका, जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई।

## राजधानी में 2 महीने की मासूम को झाड़ियों में फेंक गई निर्दयी मां ...

**रायपुर,** *प्रतिदिन राजधानी। अमलेश्वर के ग्रीन अर्थ सिटी के पास एक 2 माह की मासूम झाड़ियों में मिली है. फिलहाल बच्ची की तबियत स्वस्थ है और उसे आगे की उपचार हेतु 108 टीम द्वारा मेकाहारा अस्पताल में एडमिट कराया गया है.जानकारी के अनुसार बुधवार आज सुबह मॉर्निंग वॉक करते समय ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर के सामने डीह रोड़ पर एक लावारिस बच्ची एमएम जैन को रोते हुए दिखाई दी. उन्होंने मॉर्निंग वॉक पर निकले अपने मित्र विकास पंसारे और नारायण शर्मा को इसकी सूचना दी. बच्ची को एक थैले में ढंककर फेंका गया था. बच्ची को चींटियां काट रही थी. इसके बाद बच्ची को झाड़ियों से बाहर लेकर आए और 108 को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही 108 के पायलट रविंद कुमार और ईएमटी विनोद कुमार तुरंत मौके पर पहुंचें और बच्ची को ऑक्सीजन सपोर्ट व प्राथमिक उपचार करते हुए मेकाहारा अस्पताल में लेकर आएं.*

### सुरक्षा बलों को नक्सल मोर्चे पर मिली बड़ी सफलता

# एक लाख के इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष समेत 5 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**बीजापुर,प्रतिदिन राजधानी**

जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। नक्सल विरोधी अभियान के तहत थाना उसूर पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित संगठन डीएकेएमएस के एक लाख रुपये के इनामी एक लाख रुपये का इनामी समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में प्रचार सामग्री, पर्चे और बैटरियां बरामद किया है। बता दें कि नक्सलियों के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उसूर, सीआरपीएफ229 बटालियन और कोबरा 201, 205, 206 की संयुक्त टीम ने नेलाकांकेर, मारूड़बाका और कमलापुर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों में शामिल



पांच नक्सलियों को दबोच लिया गया। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके थैलों से माओवादी प्रचार सामग्री, पर्चे और छोटी-बड़ी एवररेडी बैटरियां बरामद हुईं। गिरफ्तार किए गए सभी नक्सलियों को थाना उसूर लाया गया, जहां उनके खिलाफवैधानिक कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय, बीजापुर में पेश किया गया है। बीजापुर जिले में नक्सल गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान लगातार जारी है। हाल के महीनों में कई इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है, जिससे माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। सुरक्षा एजेंसियां इलाके में सक्रिय नक्सलियों पर नजर बनाए हुए हैं और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रखने की तैयारी में हैं।

प्रतिदिन राजधानी
गुरूवार 13, मार्च 2025



# खूबसूरती में आलिया भट्ट, अनन्या पांडे से चार कदम आगे है प्रनूतन

फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेसेस अपनी एक्टिंग के साथ-साथ खूबसूरती और फिटनेस से भी दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाती हैं. आलिया भट्ट से लेकर जाह्नवी कपूर और अनन्या पांडे जैसी कई हसीनाएं हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं और कई सुपरहिट मूवीज में काम कर चुकी हैं. लेकिन बॉलीवुडलाइफ की इस रिपोर्ट में आज हम एक ऐसी स्टारकिड की बात करेंगे, जो खूबसूरती में आलिया, अनन्या से भी चार कदम आगे हैं. यह हसीना कोई ओर नहीं बल्कि दिग्गज एक्ट्रेस नूतन की पोती प्रनूतन हैं. इस तस्वीर में प्रनूतन बहल ब्लैक कलर का टाइट टॉप पहनें दिख रही हैं और इसके साथ इन्होंने डेनिम स्कर्ट पहनी है, इस आउटफिट में प्रनूतन बेहद ही बोल्ड लग रही हैं. इस तस्वीर में प्रनूतन ब्लैक कलर की साड़ी पहनकर बीच पर रेत में लेटकर पोज दे रही हैं. फोटो में प्रनूतन अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के होश उड़ा रही हैं. इस तस्वीर में प्रनूतन सिल्वर लहंगा पहनें दिख रही हैं. इस आउटफिट में वह अपना परफेक्ट और कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस तस्वीर में प्रनूतन बहल व्हाइट कलर की सिल्क शर्ट में धांसू लग रही हैं. फोटो में वह अपने लुक्स से फैंस के होश उड़ा रही हैं. इस तस्वीर में प्रनूतन व्हाइट कलर की मिडी पहनें दिख रही हैं. फोटो में वह अपना क्यूट डिंपल फ्लॉन्ट कर रही हैं. इस तस्वीर में प्रनतून अपनी सिजलिंग अदाओं से कहर ढा रही हैं. फोटो में उन्होंने ऑफ शॉल्डर आउटफिट पहना है, जिसमें वह बेहद ही बोल्ड लग रही हैं।

# उर्वशी रौतेला बनीं रोल्स रॉयस खरीदने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस



उर्वशी रौतेला बॉलीवुड में एक लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उर्वशी हमेशा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अपनी एक्टिंग के साथ–साथ उर्वशी की बोल्डनेस की भी लगातार चर्चा हो रही है। उर्वशी ने हाल ही में एक नई कार खरीदी है। उर्वशी ने हाल ही में रोल्स रॉयस की लग्जरी कार प्रीमियम एसयूवी, रोल्स रॉयस कलिनन खरीदी है। इस शानदार कार की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है। बॉलीवुड में किसी भी अभिनेत्री के पास यह कार नहीं है। उर्वशी यह कार खरीदने वाली पहली अभिनेत्री बन गई हैं। इसके साथ ही उर्वशी ने इंस्टाग्राम की फोर्ब्स रिच लिस्ट में भी जगह बना ली है।

अंबानी, शाहरुख खान के पास है ये काररोल्स–रॉयस की यह कार बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुकी है और कई मशहूर हस्तियों के पास पहले से ही यह शानदार गाड़ी मौजूद है। शाहरुख खान, विवेक ओबेरॉय, अजय देवगन और अल्लू अर्जुन जैसी हस्तियों के पास भी यह कार है। इसके अलावा, भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के गैराज में भी रोल्स–रॉयस की कई गाड़ियां शामिल हैं।

## करणवीर मेहरा के विनर बनते ही भड़कीं शिल्पा शिंदे





शिल्पा शिंदे टीवी की उन अदाकाराओं में से एक हैं जो कि बयानबाजी करने में किसी से पीछे नहीं रहती हैं. हाल ही में शिल्पा शिंदे बॉलीवुड के दबंग सलमान खान का कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो %बिग बॉस 18% में करणवीर मेहरा को सपोर्ट करने पहुंची थीं. शो के दौरान शिल्पा शिंदे ने करणवीर मेहरा की जमकर तारीफ की थी. इतना ही नहीं करणवीर मेहरा के जीतने के बाद शिल्पा शिंदे ने खुशी जाहिर करते हुए विवियन डीसेना को अनडिजर्विंग तक बता डाला था. इसी बीच शिल्पा शिंदे एक बार फिर से अपने बयान से पलट गई हैं. बिग बॉस 18 का फिनाले होते ही शिल्पा शिंदे ने मेकर्स की अच्छे से क्लास भी लगा डाली है. शिल्पा शिंदे ने कहा, पता नहीं कि लोगों को अब तक ये बात क्यों नहीं समझ में आई है. बिग बॉस एक ऐसा शो है जिसका विनर फिक्स होता है. शो शुरू होने से पहले ही विनर के नाम को चुन लिया जाता है. मेकर्स अब भी बिग बॉस के फैंस को उल्लू समझते हैं. मेकर्स विनर को अपने घर से उठाकर लाते हैं और दिखाते हैं कि उसे फैंस ने चुना है. मुझे नहीं पता कि चैनल की स्ट्रैटेजी क्या है लेकिन ये सच है।

## शिल्पा शेट्टी के प्यार में पड़े बिजनेसमैन ने शादी के लिए किया था प्रपोज, मना करने पर खरीदा अमिताभ बच्चन के सामने वाला बंगला और फिर...



बॉलीवुड इंडस्ट्री की एक पॉपुलर एक्ट्रेस ने फिल्मों में अपने शानदार से काम काफी अच्छा नाम कमाया है. उसकी खूबसूरती ऐसी कि फैंस फिदा रहते हैं. इस एक्ट्रेस का दीवाना एक बिजनेसमैन हो गया था और उनसे शादी करना चाहता था. ये बिजनेसमैन एक्ट्रेस संग शादी करने के लिए कुछ भी कीमत चुकाने के लिए तैयार था. उसने एक्ट्रेस के शादी का प्रपोजल रखा लेकिन निराशा हाथ लगी लेकिन वो भी हार मानने वाला नहीं था. फिर इस बिजनेसमैन ने मुंबई में अमिताभ बच्चन के सामने वाला बंगला खरीदा था. बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बनाया हुआ है. शिल्पा शेट्टी की दीवानगी ना सिर्फ इंडिया में बल्कि दुनियाभर में उनके फैंस हैं. उन्होंने साल 2007 में यूके बेस्ड शो बिग ब्रदर 5 में हिस्सा लिया था. इसके बाद वो बिजनेसमैन राज कुंद्रा के संपर्क में आई थीं. राज कुंद्रा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था, अगर मैं कहूं कि वो (शिल्पा शेट्टी) मेरे पीछे भागी तो ये झूठ होगा. मैं तो खुद उनके पीछे पड़ा था. एक बार मुझे हिंट हुआ कि उनके दिल में मेरे लिए थोड़ी सी जगह है मैंने कहा कि चलो कोशिश करते हैं. उन्होंने इस रिश्ते के बारे में कहा था कि ये काम नहीं करेगा. तुम लंदन में रहते हो और मैं किसी कीमत पर मुंबई नहीं छोड़ सकती।



# श्रीलीला को डेट कर रहे हैं कार्तिक आर्यन



कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में श्रीलीला को कार्तिक की पारिवारिक पार्टी में देखा गया था, जिसके बाद से दोनों के डेटिंग की अफ्वाहें जोर पकड़ने लगीं। अब इन अफ्वाहों को और बल तब मिला जब कार्तिक की मां माला तिवारी ने अपने बेटे और श्रीलीला के रिश्ते को लेकर इशारों–इशारों में पुष्टि कर दी। आईफा अवॉर्ड्स के दौरान कार्तिक आर्यन की मां माला तिवारी और करण जौहर के बीच एक दिलचस्प बातचीत हुई। करण ने कार्तिक की मां से मजाकिया अंदाज में पूछा, आप अपने घर के लिए किसे चुनेंगी? इस सवाल पर दर्शकों ने अनन्या पांडे का नाम लिया, लेकिन कार्तिक की मां ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, घर की मांग एक डॉक्टर है। करण ने तुरंत ही कार्तिक की ओर देखते हुए कहा, 卐आप एक डॉक्टर के साथ काम कर रहे हैं।श्रीलीला न केवल एक शानदार अभिनेत्री हैं, बल्कि एक एमबीबीएस डॉक्टर भी हैं। उनकी और कार्तिक की बढ़ती नजदीकियों को लेकर पहले से ही अफ्वाहें थीं, जिन्हें इस बातचीत ने और हवा दे दी।

## क्या बोल्ड छवि से दूर जाना चाहती हैं तृप्ति डिमरी ? 'जोया' का किरदार निभाने की बताई वजह

*हाल ही में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी काफी सुर्खियों में रहीं। अटकलें लगाई गईं कि अभिनेत्री को 'आशिकी 3' से इसलिए निकाल दिया गया, क्योंकि उनकी एक बोल्ड छवि बन चुकी है और निर्माता इसके लिए किसी मासूम और साफ छवि के चेहरे की तलाश में हैं। हालांकि, निर्देशक अनुराग बसु ने इन अफवाहों को सिरे से नकार दिया था। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' में अहम भूमिका अदा करने के बाद तृप्ति के करियर ने नई ऊंचाइयां छूनी शुरू कर दी है। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि वह अपनी आलोचना से परेशान नहीं होती हैं। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने फोर्ब्स इंडिया के साथ एक इंटरव्यू में 'एनिमल' और 'बैड न्यूज' में अपनी भूमिकाओं को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें इन किरदारों का चुनाव कर के कोई भी पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं ऐसी व्यक्ति हूं जो सौ प्रतिशत देना चाहती हूं। अगर मुझे कोई किरदार या कहानी दिलचस्प लगती है तो मैं अपना सब कुछ देना चाहती हूं। यही मैंने सीखा है। अगर यह काम करता है, तो यह काम करता है, और अगर नहीं, तो नहीं। हम हमेशा सभी को पसंद नहीं आएंगे। कुछ लोग आपको पसंद करेंगे और कुछ ऐसे होंगे जो नहीं करेंगे। आप उसे दिमाग में नहीं रख सकते।*

Soprts News

## ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन: शी युकी और ली शिफेंग दूसरे दौर में




**लंदन।** चीन के शीर्ष वरीय शी युकी ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो को सीधे सेटों में 21-13, 21-8 से हराया।

शी (29) का मुकाबले से पहले वार्डोयो के खिलाफ4-0 का सिर-से-सिर रिकॉर्ड था और उन्होंने केवल 34 मिनट में विश्व नंबर 34 वार्डोयो (26) को पराजित कर दिया।

शी, जो वर्तमान में विश्व नंबर 1 हैं, अब प्री-क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के चाउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। चाउ (विश्व नंबर 9) ने फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव को 21-10, 21-12 से मात दी।

शी के हमवतन ली शिफेंग, जिन्होंने दो साल पहले ऑल इंग्लैंड खिताब जीता था, ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-11, 18-21, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब वह टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे।

पुरुष युगल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां शीर्ष वरीय डेनमार्क की जोड़ी किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन पहले ही दौर में बाहर हो गई। उन्हें इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिक्री और डेनियल मार्टिन की जोड़ी ने 22-20, 21-18 से हराया।

महिला एकल वर्ग में शीर्ष दो वरीय, दक्षिण कोरिया की आन से-यंग और चीन की वांग झीयी, बुधवार को अपने-अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

## कप्तान श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी में फिर अभ्यास के लिए धर्मशाला पहुंचे पंजाब किंग्स के खिलाड़ी

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स टीम के खिलाड़ी कप्तान श्रेयस अय्यर की गैरमौजूदगी में एक बार फिर अभ्यास के लिए बुधवार को धर्मशाला पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि श्रेयस अय्यर धर्मशाला अभ्यास करने के लिए नहीं आएंगे। बीसीसीआई की ओर से चैंपियंस ट्राफी के शैडयूल के बाद उन्हें एक सप्ताह के लिए आराम दिया गया है। अब अय्यर पंजाब किंग्स टीम के साथ सीधे चंडीगढ़ में ही जुडेंगे।

वहीं, कप्तान के अलावा पंजाब किंग्स टीम के अन्य खिलाड़ी बुधवार को धर्मशाला के कंडी स्थित होटल में पहुंच गए हैं। टीम के खिलाड़ी अब वीरवार को दोहपर 12 बजे से मैदान में अभ्यास करने के लिए पहुंचेंगे। आगामी 16 मार्च तक धर्मशाला में कोच रिकी पोंटिंग व अन्य टीम स्टाफकी निगरानी में समस्त टीम अभ्यास करेगी।

पंजाब किंग्स इस बार आईपीएल के 18वें सीजन में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयारी में कोई कसर नहीं रखना चाहती है। इसके चलते पिछले सप्ताह पांच दिनों तक अपने होम ग्रांउड धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद एक बार अब फिर से पूरी टीम चार दिनों के अभ्यास कैंप में भाग लेगी। इसके लिए पंजाब किंग्स की टीम बुधवार को धर्मशाला में पहुंच गई जिनमें युजवेंद्र चहल, शंशाक सिंह, प्रभसिमरन सिंह, हरप्रीत बराड़, यश ठाकुर, प्रयांश व अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

# आईसीसी रैंकिंग : चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अर्धशतकीय पारी का रोहित को फायदा

### गिल की बादशाहत बरकरार, कोहली फिसले




एजेंसी, नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला जमकर गरजा था। उन्होंने 76 रनों की दमदार पारी खेलकर जीत की नींव रखी थी। अब उन्हें इस प्रदर्शन का आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में फायदा हुआ है। बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में हिटमैन दो स्थानों की छलांग लगाकर दूसरे पायदान पर पहुंच गए। वहीं, भारतीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल 784 रेटिंग प्वॉइंट्स के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उनकी बादशाहत में कोई कमी नहीं आई है जबकि किंग कोहली को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह पांचवें पायदान पर खिसक गए।

**हिटमैन ने मचाया फाइनल में धमाल**

दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हिटमैन ने 41 गेंदों में अपना 33वां अर्धशतक जड़ा था। इस शानदार पारी के दौरान उन्होंने कुल सात चौके और तीन छक्के जड़े। उनकी इसी पारी की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर खिताब जीता। इस मैच में विराट कोहली सिर्फएक रन बना सके थे जबकि गिल ने 31 रनों की दमदार पारी खेली थी। शीर्ष पांच में तीन भारतीय हैं।

### कुलदीप और जडेजा को हुआ फायदा

गेंदबाजों की रैंकिंग में भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा चमके। दोनों ने तीन-तीन स्थानों की छलांग लगाई। कुलदीप तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि जडेजा शीर्ष-10 में शामिल हो गए हैं। श्रीलंका के महीश तीक्षणा पहले स्थान पर बने हुए हैं।

## इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक

एजेंसी, न्यूयॉर्क

पौलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में चेक गणराज्य की कैरोलीना मुचोवा को 6-1, 6-1 से करारी शिकस्त देकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियाटेक ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने दबदबे को और मजबूत कर लिया



है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में केवल छह गेम गंवाए हैं और अपने शानदार प्रदर्शन से लगातार आगे बढ़ रही हैं।

बारिश की वजह से मुकाबले में देरी हुई, लेकिन खेल शुरू होते ही स्वियाटेक ने जोरदार लय पकड़ ली। उन्होंने शुरुआती चार गेम तेजी से अपने नाम किए और पहले सेट में अपनी पहली सर्व पर एक भी अंक नहीं गंवाया। दूसरी ओर, मुचोवा, जो पिछले साल कलाई की सर्जरी से उबरने के बाद यूएस ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, इस मुकाबले में अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं। दूसरे सेट में उनकी गलतियां और ज्यादा बढ़ गईं, जिससे स्वियाटेक ने आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## टाइगर वुड्स की हुई एकिलीज टेंडन सर्जरी वापसी को लेकर अनिश्चितता बरकरार



एजेंसी, नई दिल्ली

गोल्फके दिग्गज खिलाड़ी टाइगर वुड्स को एक और झटका लगा है। मंगलवार को उन्होंने अपने बाएं एकिलीज़ टेंडन की सर्जरी करवाई, जिससे उनकी वापसी पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। वुड्स ने बताया कि यह चोट फ्लोरिडा के जुपिटर में घर पर ट्रेनिंग के दौरान लगी।

वुड्स ने सोशल मीडिया पर कहा, जैसे ही मैंने अपनी ट्रेनिंग और प्रैक्टिस बढ़ाई, मुझे बाएं एकिलीज़ में तेज दर्द महसूस हुआ। जांच में पता चला कि यह पूरी तरह से फट चुका है। आज सुबह वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा के 'हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी' में डॉ. चार्लटन स्टकन ने मेरी सर्जरी की, जो सफल रही।

डॉ. स्टकन ने भी पुष्टि की कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, लेकिन वुड्स की वापसी को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं दी गई है।

वुड्स 15 बार के मेजर चैंपियन हैं और लगातार चोटों और सर्जरी से जूझ रहे हैं। पिछले साल उन्होंने अपनी छठी पीठ की सर्जरी करवाई थी और वह अब भी 2021 की कार दुर्घटना के प्रभावों से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी यह ताजा सर्जरी अगले महीने होने वाले प्रतिष्ठित 'मास्टर्स' टूर्नामेंट से बाहर कर सकती है, जिससे उनके करियर पर और असर पड़ सकता है।

वुड्स ने इस सप्ताह टीपीसी सॉग्रास में 'द प्लेयर्स चैंपियनशिप' में हिस्सा नहीं लिया था। इसके पीछे उन्होंने हाल ही में अपनी मां के निधन और अभ्यास की कमी को वजह बताया था। उनका आखिरी आधिकारिक टूर्नामेंट '2024 ओपन चैंपियनशिप' था, जहां वह कट में जगह नहीं बना सके थे। इसके अलावा, वह इस सीजन में ज्ञतरुइवेंट्स में भी खेल चुके हैं।

सर्जरी के बाद वुड्स ने कहा, अब मैं घर लौट आया हूं और पूरी तरह से रिकवरी और रिहैब पर ध्यान केंद्रित करूंगा। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद।

फैंस को उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह फिट होकर दोबारा गोल्फ कोर्स पर लौटेंगे, लेकिन उनकी वापसी की राह पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल होती दिख रही है।

## न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर के साथ किया करार

एजेंसी, लंदन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया है। वह टीम के दूसरे काउंटी चैंपियनशिप मैच से पहले इंग्लैंड पहुंचेंगे, जो हेडिंग्ले में वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफखेला जाएगा।

27 वर्षीय सियर्स अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफक्राइस्टचर्च में खेले गए अपने एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में उन्होंने 4 विकेट के बदले 90 रन देकर प्रभावित किया था। उन्होंने 2021 में बांग्लादेश के खिलाफटी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

बेन सियर्स के साथ न्यूजीलैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के भी यॉर्कशायर टीम में शामिल होंगे, जो इस साल के टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट



में खेलेंगे। वहीं, क्लब ने सियर्स की तुलना न्यूजीलैंड के पूर्व यॉर्कशायर खिलाड़ी लॉकी फर्ग्यूसन से भी की है।

बेन सियर्स ने अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा,मैं हेडिंग्ले पहुंचने और टीम के साथ खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। क्लब ने कुछ शानदार साइनिंग्स की हैं और मैं इसमें अपना योगदान देने के लिए तैयार हूं।

उन्होंने आगे कहा, सीजन की अच्छी शुरुआत करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। हमारे शुरुआती चरण में कुछ बड़े मुकाबले हैं, और मैं टीम को बेहतरीन शुरुआत दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

यॉर्कशायर के मुख्य कोच एंथनी मैक्ग्रा ने कहा, बेन एक शानदार प्रतिभा हैं, जो अपनी गेंदबाजी में अतिरिक्त उछाल ला सकते हैं। सीजन की शुरुआत में जब पिचें हरी या धीमी हो सकती हैं, तब वह विरोधी टीम के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। मैं उनके आने और उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

वहीं, क्लब के जनरल मैनेजर गेविन हैमिल्टन ने कहा,卐बेन जैसे

## गुलमर्ग बनेगा विंटर स्पोर्ट्स का सेंटर ऑफएक्सीलेंस : खेल मंत्री डॉ. मंडाविया

**एजेंसी, गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)**

केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने बुधवार को पांचवें खेलो इंडिया विंटर गेम्स के समापन समारोह में बड़ी घोषणा करते हुए गुलमर्ग को शीतकालीन खेलों के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने की योजना का ऐलान किया। इस समारोह में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राज्य के युवा सेवा एवं खेल मंत्री सतीश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



डॉ मंडाविया ने कहा, भारत में अपार खेल प्रतिभा है और इसे निखारने के लिए हमें 9 से 24 वर्ष के युवाओं को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक जिले में एक खेल विद्यालय स्थापित किया जाएगा, जहां से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में ट्रेनिंग दी जाएगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए हर संभव सहायता मिले।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कोचिंग कार्यक्रम को पूरे देश में लागू करने की योजना बनाई जा रही है। इसके साथ ही, गुलमर्ग को एक प्रमुख शीतकालीन खेल केंद्र में तब्दील करने के लिए उच्च स्तरीय सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे यहां के युवा अपनी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें।

## स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स में भारत ने पहले दिन जीते चार पदक, स्नोबोर्डिंग में दिखाया दम

एजेंसी, नई दिल्ली

इटली में चल रहे स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारतीय दल ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है। पहले ही दिन भारत ने कुल चार पदक अपने नाम किए, जिसमें दो स्वर्ण और दो रजत पदक हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और संकल्प का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश के लिए गौरव हासिल किया।

### स्नोबोर्डिंग में भारत का जलवा

बारडोनेक्किया में मंगलवार को भारतीय एथलीटों ने अपने सभी छह खेलों में हिस्सा लिया, लेकिन दिन का इकलौता पदक इवेंट स्नोबोर्डिंग रहा। इस इवेंट में भारती और समीर ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। हेम चंद और हर्षिता ठाकुर ने अपने डिवीजन के नोविस जायंट स्लालम फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किए।

### 49 सदस्यीय दल कर रहा भारत का प्रतिनिधित्व

भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 30 एथलीटों और 19 सहयोगी स्टाफसहित 49 सदस्यीय दल भेजा है। इस टूर्नामेंट में 102 देशों के लगभग 1500 एथलीट भाग ले रहे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से समावेशिता और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है।




### चार शहरों में हो रहे हैं खेलों के मुकाबले

इस प्रतियोगिता के आठ खेलों को चार अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। ट्यूरिन में स्पीड स्केटिंग और फ्लोरबॉल के मुकाबले हो रहे हैं। सेस्ट्रियर में स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग का आयोजन किया जा रहा है, जबकि बारडोनेक्किया में स्नोबोर्डिंग और प्राजेलातो में क्रॉस कंट्री स्कीइंग की प्रतिस्पर्धाएं हो रही हैं।

भारतीय एथलीटों की शानदार शुरुआत के बाद उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दिनों में वे और अधिक पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे।

## वरुण चक्रवर्ती ने इस बार 16 खिलाड़ियों को छोड़ा पीछे, आईसीसी रैंकिंग में फिर से दिखाया दबदबा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया को विजेता बनाने में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की भूमिका काफी अहम रही। अपनी स्पिन गेंदबाजी का जादू वरुण चैंपियंस ट्रॉफी में दिखाने में कामयाब रहे जिसका फायदा उन्हें आईसीसी की लेटेस्ट वनडे बॉलर्स रैंकिंग में भी मिला है। वरुण पिछले हफ्ते जब आईसीसी की तरफसे रैंकिंग जारी हुई थी तो उसमें 100 से अधिक स्थानों की छलांग लगाने में कामयाब हुए थे तो वहीं अब उन्होंने 16 स्थानों की और छलांग लगाई है।

### वरुण को अच्छे प्रदर्शन का रैंकिंग में मिला इनाम

वरुण चक्रवर्ती आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहे। वरुण को कुल 3 मैचों में खेलने का मौका मिला जिसमें उन्होंने 15.11 के औसत से कुल 9 विकेट हासिल किए। वहीं वरुण का इकॉनमी रेट भी सिर्फ4.53 का रहा। वरुण अब आईसीसी वनडे बॉलर्स रैंकिंग में 402 रेटिंग प्वाइंट के साथ सीधे 80वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वरुण चक्रवर्ती ने अब तक 4 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें वह 19 के औसत से कुल 10 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। वरुण का वनडे में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफग्रुप स्टेज के मुकाबले में देखने को मिला था जब उन्होंने 42 रन देकर 5 विकेट हासिल किए थे।




**अब आईपीएल में खेलते हुए नजर आएंगे वरुण चक्रवर्ती**

चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी देश वापस लौट आए हैं, जिसमें अब उनका जलवा इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन में देखने को मिलेगा, जहां पर सभी प्लेयर्स अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। वरुण चक्रवर्ती जो पिछले काफी समय से कोलकाता नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं वह इस सीजन भी केकेआर की जर्सी में दिखाई देंगे। वरुण ने अ तक आईपीएल में 70 मैचों में 83 विकेट 24.12 के औसत से हासिल किए हैं।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

## विज्ञापन एजेंसियां

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन- 2223699, 2539578, 94252-11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेबीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252-04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268-77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222. 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

प्रतिदिन राजधानी
गुरुवार 13, मार्च 2025

संक्षिप्त समाचार

## सन्ना तहसील के 12 वीएलई को कारण बताओ नोटिस किया गया जारी

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला जशपुर के सन्ना तहसील अंतर्गत 12 ग्रामों के वीएलई को कृषक पंजीयन कार्य में रूचि नहीं लेने एवं कृषक पंजीयन के कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं होने की वजह से कारण बताओं नोटिस जारी कर 02 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिनमें सन्ना तहसील के ग्राम लोरो के किविल साय, ग्राम मरंगी के अनिल यादव, ग्राम लरंगा के शिवनारायण यादव, ग्राम पंडरापाठ के उमेश साहू, ग्राम महुआ के मुकेश यादव, ग्राम महनई के उदय यादव, ग्राम कोपा के रामनारायण यादव, ग्राम कवई के अलताफहुसैन, ग्राम खखरा के राजेश यादव, ग्राम डुमरकोना की लीलावती यादव, ग्राम बेड़ेकोना के गोलेन साय और ग्राम बहोरा, भादू के कृष्ण राम शामिल है। अपर कलेक्टर के द्वारा जारी नोटिस के अनुसार इस कृत्य को शासन के अति महत्वपूर्ण योजना एवं शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए 02 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा संतोषप्रद जवाब नहीं होने की स्थिति में उनका लायसेंस सस्पेंड करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी वीएलई की होगी।

## जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष तथा सदस्यों का प्रथम सम्मिलन आयोजित

**एमसीबी ।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम शर्मा के मार्गदर्शन में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जनपद पंचायत के अमृत सदन सभाकक्ष में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू और तथा समस्त जिला सदस्यों के साथ आज जनपद सदस्यों का प्रथम सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को जनता ने विश्वास और आशा के साथ इस पद पर चुना है और अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विश्वास पर खरा उतरें। पंचायत राज प्रणाली का मूल उद्देश्य गांवों का समग्र विकास और प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। आप सभी इस विकास यात्रा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। पारदर्शिता, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि हर गांव और हर परिवार को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। मैं आशा करती हूं कि हम सब मिलकर जनपद को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। किसी भी कार्य में सहयोग और मार्गदर्शन के लिए प्रशासन हमेशा आपके साथ है।

## जिले के 18 हजार असाक्षरों को साक्षर बनाने महाअभियान 23 को

**कांकेर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत् जिले में 23 मार्च को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक उम्र के शिक्षार्थियों को सम्मिलित कराया जाना है, जो शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। कलेक्टर एवं साक्षरता कार्यक्रम के अध्यक्ष निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर उक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी असाक्षरों को उक्त अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित बैठक में उपस्थित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों (नोडल) एवं खण्ड स्त्रोत समन्वयकों को बताया गया कि जिले में कुल 18 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का निर्देश राज्य कार्यालय के द्वारा दिया गया है।

# राष्ट्रीय सदस्य निरूपम चकमा ने अनुसूचित जनजाति लोगों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने के दिए निर्देश

### जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

**जशपुर, प्रतिदिन राजधानी**

नई दिल्ली के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरूपम चकमा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने जिले आदिवासी परिवारों और विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और केन्द्र शासन और राज्य शासन के सभी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निदेशक पी कल्याण रेड्डी, विशेष प्रतिवेदक राधाकांत त्रिपाठी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ अन्वेषक आकाश त्रिपाठी, अन्वेषक सार्थक बंदूनी निज सहायक सुत्री परना चकमा अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव भुवाल सिंह, अनुसंधान सहायक ईश्वर साहू और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सदस्य निरूपम चकमा ने कलेक्टर से जिले की सामान्य जानकारी,




आदिम जाति कल्याण विभाग, विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर विकास प्राधिकरण, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, पशु चिकित्सालय, समाज कल्याण, क्रेडा विभाग, रेशम विभाग, मछली पालन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, खेल गतिविधियों, रोजगार के पर्याप्त अवसर, महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से दूर करने के सार्थक प्रयास सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में खेल की बहुत संभावना है और खेल मैदान को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। उन्होंने रौतिया समाज के सामाजिक आर्थिक और भौगोलिक पृष्ठ भूमि की भी जानकारी ली।

कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि जशपुर जिले में रौतिया समाज के लगभग 1 लाख 45 हजार 313 जनसंख्या है जिले में आदिम जाति विकास विभाग के अंतर्गत आश्रम छात्रावास की संख्या 202 है। प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति सदस्यों के लोग निवास करते हैं। पहाड़ी कोरवा के कुल 4 हजार 110 परिवार और बिरहोर जनजाति के 161 परिवार निवास करते हैं। जिले अनुसूचित जनजाति परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना , आधार कार्ड, जन-धन बैंक खाता , आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल बिमारी की जांच व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, राशन कार्ड,पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

# होली त्यौहार, रमजान शान्ति और सौहार्द्र पूर्ण से मनाने की अपील

**चिन्हांकित स्थलों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश**

### शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

**जशपुर, प्रतिदिन राजधानी**

अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस निरीक्षक, जिला नगर सेनानी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी के उपस्थिति में विगत दिवस होली त्यौहार, रमजान, चालीसा काल शांति पूर्ण रूप से मनाये जाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी समुदाय के सदस्यगण उपस्थित रहे।



बैठक में होली त्यौहार, रमजान तथा चालीसा काल सौहाद्र पूर्ण से मनाये जाने हेतु समिति के सदस्यगणों से चर्चा किया गया। साथ ही होलीका दहन के दिन होलीका दहन चिन्हांकित स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का निर्णय लिया गया है। होली के दिन शांति पूर्ण बनाये रखने हेतु पुलिस पेट्रोलिंग टीम की निगरानी रखने एवं सभी आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने का निर्णय लिया गया। होली दिवस के दिन रमजान (रोजा) होने के कारण मस्जिद के पास पुलिस व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। होली के दिन शुक्रवार को चर्च में समय दोपहर 12:00 बजे से क्रूस रास्ता एवं मिस्सा पूजा होगा। जिसके लिये चर्च के पास पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया है।

अपर कलेक्टर ने बताया कि होली दिवस को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा दल, एम्बुलेंस इत्यादि का प्रबंध किया जावेगा। होली दिवस को नहाने वाले स्थल (तालाब, डेम, नदी) पर गोताखोरों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आवश्यकतानसुार अग्निशमन वाहन भी तैयार रखने का निर्देश जिला कमाण्डेंड नगर सेना को दी गई है। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। स्पीड बाईकर्स, तीन सवारी बाईकर्स पर निगरानी रखने तथा कार्यवाही हेतु पुलिस द्वारा कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। होलिका दहन के स्थानों का विद्युत विभाग निरीक्षण करेंगे कि उस स्थानों पर कोई विद्युत तार को हानी न पहुंचे। किसी व्यक्ति के मना करने पर जबरजस्ती रंग इत्यादि नहीं लगाया जावे।

## दोरनापाल में नगर पंचायत के नए अध्यक्ष-पार्षदों ने ली शपथ



**सुकमा, प्रतिदिन राजधानी**

नगर पंचायत दोरनापाल में बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत के साथ किया गया। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती राधा नायक के साथ सभी 15 पार्षदों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित पार्षदों में गीता मिड़ियम,धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, ललिता मिड़ियम, बसंती यादव, जमुना यादव सोड़ी मंगली पुष्पलता भदौरिया, अरूण सुनानी, मड़कम हुँगी, कोशी ठाकुर, लक्ष्मी चौहान, सोड़ी मंगी, शेखर शायतोड़े, मड़कम पोदिये, मड़कम राजे शामिल थे। नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने का कार्य पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम शबाब खान और ने किया।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के साथ दोरनापाल में ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। नगर के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा।

# कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

*कलेक्टर रोहित व्यास ने बगीचा विकासखण्ड के कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी समीर भगत को किसानों का कृषक पंजीयन कार्य में प्रगति नहीं लाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। श्री भगत के किसान पंजीयन शिविर में अनुपस्थिति के कारण ग्रा.कृ.वि.अधि. क्षेत्र कुदमुरा एवं उसके आश्रित ग्रामों के किसान शासन के इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो रहे है।*

**जशपुर, प्रतिदिन राजधानी**

उनका यह कृत्य शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। जो कि सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 के सर्वथा विपरीत है। जिस हेतु कारण बताओ नोटिस जारी कर उक्त संबंध में जवाब 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। जवाब प्रस्तुत नहीं करने अथवा संतोषप्रद जवाब नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की बात कही गई है।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड बगीचा द्वारा अवगत कराया गया है कि भारत सरकार द्वारा सभी किसानों का कृषक पंजीयन कराया जा रहा है तथा सभी ग्रा. कृ.वि.अधिकारियों की ड्यूटी अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन पंजीयन कार्य करने हेतु लगायी गयी है किन्तु कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी समीर भगत द्वारा आज दिनांक तक उक्त कार्य को नहीं किया जा रहा है और न ही आप अपने कार्यालय के संपर्क में है। उनके द्वारा अपने क्षेत्र का भ्रमण नहीं किया जा रहा है। 10 मार्च 2025 स्थिति में प्रगति शून्य है, 01.मार्च से 10 मार्च 2025 के मध्य केवल 01 दिन क्षेत्र में भ्रमण किए हैं। किन्तु उस दिन की प्रगति भी उनके द्वारा नहीं दी गई है।11 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत रनपुर में किसान पंजीयन का शिविर लगाया गया है जिसे कृ.वि.अधि. श्रीमती कुशलीना मिंज ग्राम पंचायत पण्डरीपानी, कुदमुरा का भ्रमण कर रनपुर शिविर में उपस्थित थे तथा कृ.वि.अधि. श्रीमती कुशलीना मिंज के द्वारा सूचना दी गई है की श्री भगत भी कार्य में उपस्थित नहीं है।

उप संचालक कृषि जशपुर के कुदमुरा क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी श्री समीर भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। किन्तु उनके द्वारा आज दिनांक तक ना तो नोटिस का जवाब दिया गया और न ही कार्य में उपस्थित हुए। प्रतिदिन गूगल शीट के माध्यम से ग्रा.कृ.वि.अधिकारीवार रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है, जिसमें श्री भगत की प्रगति लगातार शून्य है। उनकी अनुपस्थिति के कारण ग्रा.कृ.वि.अधि. क्षेत्र-कुदमुरा एवं उसके आश्रित ग्रामों के किसान शासन के इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हो रहे है।

# जिले में पंजीकृत तीन कृषक उत्पादक सहकारी समितियों का कार्यशाला हुआ आयोजित

### कुनकुरी, पत्थलगांव और कांसाबेल में एफपीओ द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में दी गई जानकारी

**जशपुर, प्रतिदिन राजधानी**

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के लिए जारी कैलेंडर अनुसार सहकारिता विभाग जिला द्वारा पंजीकृत कृषक उत्पादक सहकारी समितियों में परियोजना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन संबंधित एफपीओ मुख्यालयों पत्थलगांव, कांसाबेल और कुनकुरी में किया गया।




कार्यशाला में एफपीओ के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा सदस्य किसानों को समिति कार्यालय में आमंत्रित कर उन्हें एफपीओ द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे किसानों को उपचारित बीज उपलब्ध कराना, कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराना, सदस्य किसानों को बकरी पालन एवं मत्स्य पालन आदि विविध आय के गतिविधियों से जोड़ने संबंधी जानकारी दी गई। ही साथ किसानों द्वारा उत्पादित विभिन्न फसलों को बाजार मूल्य में बेचने हेतु उचित माध्यम उपलब्ध कराने के साथ ही सुविधाओं से अवगत कराया गया। उक्त कार्यशाला में जिले के तीनों एफपीओ के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य किसान सदस्य तथा सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हृदय रोग जांच शिविर में 45 बच्चे उच्च स्तरीय सर्जरी के लिए चिन्हांकित

**महासमुंद।** महासमुंद जिले के विकासखंड बसना स्थित अग्रवाल नर्सिंग होम में 07 मार्च को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात हृदय रोग एवं आरएचडी से प्रभावित 0 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नारायणा हृदयालय एम.एम.आई. हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. किंजल बक्शी एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा ईको कार्डियोग्राफी मशीन से जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर के दौरान जिले के समस्त स्कूलों एवं आंगनबाड़ियों में चिरायु दलों द्वारा पूर्व-चिन्हित संभावित हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को विकासखंड कार्यालय के सहयोग से शिविर स्थल लाया गया।

## समूह की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में हर्बल गुलाल व होली सामग्री का लगाया स्टॉल

**जगदलपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर जिले के कलेक्टर हरिस एस. और जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में मां भवानी स्व सहायता समूह, बस्तर द्वारा हर्बल गुलाल व होली सामग्री का स्टॉल लगाया उसका निरीक्षण कर स्व सहायता समूह के सदस्यों से होली सामग्री क्रय कर उनका उत्साहवर्धन किया । विदित हो कि बस्तर संभाग के लगभग सभी जिलों में महिलाओं को हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है, होली के अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल बनाकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। स्वसहायता समूह की महिलाएं होली के लिए अलग-अलग फूलों और सब्जियों पालक भाजी, लाल भाजी, टेसू के फूल, गेंदा फूलों से हर्बल गुलाल तैयार कर रहीं है।



# होली पर्व पर बस यात्रियों के लिए मददगार होगा बस संगवारी एप

**सारंगढ़ बिलाईगढ़, प्रतिदिन राजधानी**

होली त्यौहार के अवसर पर बस यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार का बस संगवारी ऐप मददगार है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवंबर 2024 में इस बस संगवारी एप को लॉन्च किया था। इस एप के माध्यम से बस यात्रियों को सभी प्रकार की जानकारी घर बैठे मिलेगी। इस एप से बस की समय सारणी और बस रूट की जानकारी मिलेगी। एप में पांच हजार से अधिक बसों की जानकारी मिलेगी। इस ऐप में कहां से कहां जाने के लिए स्थान का विकल्प भरना होता है, जिससे 24 घंटे चलने वाले बसों की सूची उनके निर्धारित समय के अनुसार मिलेगी।



छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की इस बस संगवारी एप, बस यात्रियों विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक होगा। इस ऐप के लॉन्च होने से पहले यात्रियों को बस की टाइमिंग पता करने के लिए बस स्टैण्ड या बस स्टॉप पर जाना पड़ता है। लोगों की इस परेशानी का समाधान इस एप के जरिए तत्काल मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की ओर से तैयार कराए गए इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इस एप के माध्यम से यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधाजनक होगा। इस एप में वर्तमान में पांच हजार से अधिक बसों को शामिल किया गया है, जो विभिन्न रूट में संचालित हैं।

# मत्स्य किसानों को नवीन तकनीकी के माध्यम से मछली पालन में बढ़ावा देने अन्य राज्य रांची का कराया अध्ययन भ्रमण

### आधुनिक मछली पालन की दी गई जानकारी

**जशपुर, प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के किसानों को कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने के लिए मछली पालन विभाग के विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के प्रगतिशील किसानों को नवीन तकनीकी के माध्यम से मछली पालन में बढ़ावा देने के लिए राज्य के बाहर रांची, झारखण्ड लेक जाकर अध्ययन भ्रमण कराया गया। इनमें 20 अनुसूचित जनजाति एवं 01 सामान्य वर्ग के हितग्राही शामिल थे।




इस दौरान झारखण्ड के मत्स्य निदेशक एच.एन.द्विवेदी ने कहा कि किसानों के इस तरह भ्रमण से दूसरे राज्यों में चल रही योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। झारखण्ड राज्य के रांची में मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र शालीमार ध्रुवा रोड रांची के मुख्य अनुदेशक श्री प्रशांत कुमार दीपक के नेतृत्व में किसानों को एग्रीग्रीन फिशरीज, टीकराटोली नगड़ी में बायोफ्लॉक, आरएएस, बायोप्लाट पोण्ड के माध्यम से नवीन तकनीकी से मछली पालन हो रहा उनके बारे में जानकारी दिया गया। झारखण्ड राज्य सहकारी समिति के द्वारा फिशफीड मील एवं हाईजेनिक फिश मार्केट के बोर में मत्स्य किसानों को जानकारी दिया गया।

जिला मत्स्य विभाग रांची के मछली पालन डोरण्डा में विभाग के द्वारा संचालित योजना तालाब, हेचरी, बायोफ्लॉक के बोर में जानकारी दिया गया। नवीन तकनीकी के माध्यम से पतरातू बांध एवं गेतलसूद में केज कल्चर एवं रामगढ़ जिले के आरा में बंद पड़े कोल पीठ में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन किया जा रहा उसके बारे में जानकारी दिया गया। जिससे योजनाओं को देखकर मत्स्य किसान प्रभावित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बहिनीपति का निलंबन वापस लिए जाने की मांग पर अड़ी बीजद-कांग्रेस



**एजेंसी/ भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में मंगलवार की तरह बुधवार का दिन भी भारी रहा। जहां विपक्षी कांग्रेस और बीजद ने विधानसभा से निलंबित वरिष्ठ कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति के निलंबन को तुरंत वापस लेने की मांग की। बुधवार सुबह जैसे ही विधानसभा में प्रश्नकाल शुरू हुआ, वैसे ही कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता राम चंद्र कदम ने इस मुद्दे पर बात करने की कोशिश की। हालांकि स्पीकर सुरमा पाढ़ी ने उन्हें अनुमति नहीं दी।

स्पीकर द्वारा निलंबन को वापस लेने के मुद्दे पर बातचीत करने की अनुमति नहीं दिए जाने पर कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। साथ ही विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरने पर बैठ गए। इसके बाद स्पीकर ने ओडिशा सरकार के मुख्य निर्देशक सरोज प्रधान से प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सदस्यों से मिलकर उन्हें सदन में वापस आने का अनुरोध करने को कहा। बता दें कि बहिनीपति को मंगलवार को विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी विधायकों के बीच हाथापाई के बाद कदाचार और अनियंत्रित व्यवहार के कारण सात दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था।

इसके पहले दिन में, बीजद के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा में उपनेता प्रसन्ना आचार्य के नेतृत्व में स्पीकर पाढ़ी से मुलाकात की और बहिनीपति का निलंबन वापस लेने का अनुरोध किया। आचार्य ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हमने अध्यक्ष से मुलाकात की और मंगलवार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि वह अपने फैसले पर एक बार फिर करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा केवल सत्ता पक्ष या विपक्ष के लिए नहीं है, बल्कि यह सभी के लिए है और सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सदन का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करे। ओडिशा विधानसभा में मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस विधायकों में हाथापाई हो गई थी। इसके बाद सदन में हो रहे हंगामे के बाद अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी ने दुर्व्यवहार को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति को सात दिन के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। सरकार की मुख्य सचेतक सरोज प्रधान कांग्रेस विधायक के खिलाफ नोटिस का प्रस्ताव दिया। इसे सदन ने स्वीकार कर लिया। सोमवार को ओडिशा विधानसभा में वरिष्ठ कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति ने स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की थी।

# सब्जियों की कीमतें गिरने से फरवरी में घटी खुदरा महंगाई दर



**एजेंसी/ नई दिल्ली।** सब्जियों और प्रोटीन युक्त खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण फरवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। यह सात महीने का निचला स्तर है। इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए अगले महीने ब्याज दरों में दूसरी बार कटौती की गुंजाइश बनी है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई दर जनवरी में 4.26 प्रतिशत और फरवरी 2024 में 5.09 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है कि फरवरी 2025 के लिए साल-दर-साल मुद्रास्फीति दर 3.75 प्रतिशत थी।

एनएसओ ने अपने आंकड़े में कहा, जनवरी 2025 की तुलना में फरवरी 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति में 222 आधार अंकों की तीव्र गिरावट देखी गई है। फरवरी 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति मई 2023 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा कि फरवरी के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस और मछली, दालों और उत्पादों; तथा दूध और उत्पादों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण हुई है।

आरबीआई, जिसे खुदरा महंगाई दर को 4 प्रतिशत (दो फीसदी ऊपर या नीचे) के दायरे बनाए रखने का दायित्व सौंपा गया है। रिजर्व बैंक ने महंगाई के मोर्चे पर चिंता कम करने के लिए पिछले महीने अल्पकालिक उधार दर (रेपो) में 25 आधार अंकों की कटौती की थी। केंद्रीय बैंक अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा 9 अप्रैल को करेगा।

बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण जनवरी 2025 में भारत का औद्योगिक उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ गया। सरकार ने दिसंबर 2024 के लिए औद्योगिक विकास दर के आंकड़े को भी संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पिछले महीने 3.2 प्रतिशत का अनंतिम अनुमान जारी किया गया था।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा गया कारखाना उत्पादन जनवरी 2024 में 4.2 प्रतिशत बढ़ा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला है।

# हरियाणा के 9 नगर निगम में चुने गए भाजपा के मेयर

## कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला

### एकमात्र मानेसर में निर्दलीय डॉ. इंद्रजीत यादव ने जीत दर्ज कराई



**एजेंसी/ चंडीगढ़।** हरियाणा के 10 शहरों में हुए नगर निगम चुनावों के लिए बुधवार को मतगणना हुई। 10 में से 9 शहरों में भाजपा के मेयर चुने गए हैं, जबकि कांग्रेस खाता खोलने में नाकाम रही। एक सीट पर निर्दलीय की जीत हुई है।हरियाणा के इन स्थानीय निकाय चुनाव में भी कांग्रेस शुरू से कमजोर नजर आई। वहीं भाजपा ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को गिनाया, साथ ही हर शहर की प्रमुख बातों को मुद्दा बनाया। इस जीत पर भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि हरियाणा की जनता ने एक बार फिर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर विश्वास जताया है। हरियाणा में अब ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। अब विकास भी ट्रिपल होगा। कांग्रेस की बुरी हार से पता चलता है कि यह पार्टी अब अपने खात्मे की ओर अग्रसर है। 0--किस शहर में कौन बना मेयर, देखिए सूची--00 पानीपत-कोमल सैनी गुरुग्राम-राजरानी मल्होत्रा रोहतक-रामअवतार वाल्मीकि हिसार-प्रवीण पोपली करनाल-रेणु बाला गुप्ता अंबाला-शैलजा सचदेवा सोनीपत-राजीव जैन फरीदाबाद-प्रवीन जोशी यमुनानगर-सुमन बहमनी मानेसर-डॉ. इंद्रजीत यादव (निर्दलीय)।

# ममता ने की मुस्लिम विधायकों पर शुभेंदु की टिप्पणी की निंदा

### भाजपा पर लगाया धर्म की राजनीति करने का आरोप



**एजेंसी/ कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के टीएमसी के मुसलमान विधायक वाले बयान पर पलटवार किया। साथ ही सीएम ममता ने भाजपा पर राज्य में नकली हिंदू धर्म का प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नागरिकों के अधिकारों को कमजोर कर रही है।

बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को अपने बयान में कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मुस्लिम विधायकों को पश्चिम बंगाल विधानसभा से बाहर कर देगी। अधिकारी के इस बयान के बाद राजनीतिक सियासत तेज हो गई। साथ ही आरोप-प्रत्यारोप भी बढ़ गए।

अधिकारी के बयान पर पलटवार करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि आपका आयातित हिंदू धर्म वेदों या हमारे ऋषियों द्वारा समर्थित नहीं है। आप मुसलमानों के अधिकारों को कैसे नकार सकते हैं? यह धोखाधड़ी के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा असली हिंदू धर्म को नकारते हुए अपनी विचारधारा को बढ़ावा दे रही है।

अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ भाजपा के व्यवहार पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मुझे हिंदू धर्म की रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन आपके संस्करण की नहीं। कृपया हिंदू कार्ड न खेलें।

# भांग पीकर सदन में आते हैं नीतीश कुमार: राबड़ी देवी

### महिलाओं का करते हैं अपमान राबड़ी देवी का तीखा हमला



**एजेंसी/ पटना।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेत्री राबड़ी देवी ने मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार सदन में भांग पीकर आते हैं और महिलाओं की बेइज्जती करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार 2005 से पहले के बिहार को लेकर की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियों से राज्य की जनता आहत है।

राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री के उस बयान पर नाराजगी जताई जिसमें उन्होंने कहा था कि 2005 से पहले कोई कपड़ा पहनता था क्या? इस पर पलटवार करते हुए राबड़ी देवी ने कहा कि मैं राज्य सरकार और प्रधानमंत्री से पूछना चाहती हूं कि क्या 2005 से पहले आपके घर की महिलाएं कपड़ा नहीं पहनती थीं? क्या वे नंगी रहती थीं? उन्होंने इस बयान को घोर अपमानजनक और महिलाओं का अपमान करार दिया।

राबड़ी देवी ने कहा कि नीतीश कुमार बार-बार यह कहते हैं कि 2005 से पहले कुछ नहीं हुआ, लेकिन उन्हें फाइल खोलकर देखनी चाहिए कि बिहार में महिलाओं, पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए क्या-क्या काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार को सब कुछ 2005 से ही दिखता है, तो क्या वे उसी साल ऊपर से टपक गए? क्या उनका राजनीतिक जीवन उससे पहले अस्तित्व में ही नहीं था? उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि पत्रकार अपने माता-पिता से पूछें कि 2005 से पहले लोग क्या बिना कपड़ों के रहते थे? बाजार-हाट नहीं जाते थे? व्यापार नहीं होता था? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई ऐसी बातें केवल जनता की बुद्धिमत्ता का अपमान है।

राबड़ी देवी ने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने सदन के भीतर दो बार उनका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सदन में ऐसा व्यवहार न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि सभी महिलाओं के लिए अपमानजनक उदाहरण है। उन्होंने नीतीश कुमार के व्यवहार को लोकतांत्रिक मूल्यों और गरिमा के खिलाफ बताया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि बिहार की महिलाएं अब जागरूक हैं और ऐसे अपमानजनक बयानों को बर्दाश्त नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को जनता और विशेषकर महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। राबड़ी देवी के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। विपक्ष ने इसे महिला विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताया है, वहीं सत्ता पक्ष की ओर से फिलहाल इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### बस स्टैंड दुष्कर्म के आरोपी दत्तात्रय की बढ़ी न्यायिक हिरासत

**पुणे।** महाराष्ट्र की एक अदालत ने बुधवार को स्वारगेट बस दुष्कर्म मामले के आरोपी को 26 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी



दत्तात्रेय गाडे ने 25 फरवरी की सुबह स्वर्गेट टर्मिनस पर खड़ी राज्य परिवहन (एमएसआरटीसी) की बस के अंदर 26 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया था।

# जामा मस्जिद समेत मस्जिदों को ढंकेगा प्रशासन

### होली की चौपाई जुलूस को देखते हुए लिया बड़ा फैसला



**एजेंसी/ संभल।** यूपी के संभल जिले में होली के दिन चौपाई के जुलूस मार्गों पर पड़ने वाली मस्जिदों को लेकर प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। होली की चौपाई के जुलूस वाले रास्ते में पड़ने वाली जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदों को पन्नी और तिरपाल से ढका जाएगा। एएसपी श्रीशचंद्र ने यह जानकारी दी है।

एएसपी श्रीशचंद्र के अनुसार, संभल में होली की चौपाइयों का जुलूस जिन रास्तों से निकेलगा, उन रास्तों पर पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को दोनों पक्षों की सहमति के बाद ढका जाएगा।

उन्होंने बताया कि चौपाई जुलूस के रास्ते पर पड़ने वाली ऐसी 10 मस्जिद हैं, जिन्हें ढका जाएगा। दोनों पक्षों के लोगों से इसको लेकर बातचीत की गई है। दोनों ही पक्षों के लोगों ने ही इस फैसले पर सहमति जताई है।

उधर,संभल डीएम राजेंद्र पेंसिया ने त्यौहारों से पहले सुरक्षा व्यवस्था पर कहा, ...शांति समिति की बैठकें की गई हैं... 27 QRT बनाई गई हैं, हमने 6 जोन और 29 सेक्टर बनाए हैं, प्रत्येक में मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी तैनात किए गए हैं... फिलहाल पूरी तरह शांति है, हमने सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए हैं।

प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने क्षेत्र में भ्रमण करने को कहा गया है और त्रिस्तरीय सुरक्षा के लिए PAC बटालियन तैनात की गई है... 250 CCTV कैमरे लगाए गए हैं, इसके अलावा 100-150 और लगाए गए हैं, ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है।

# होली से पहले जेल से रिहा हुए 103 साल के गुरदीप



**एजेंसी/ शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में बेटों के दर्ज कराए मुकदमे में जेल में निरुद्ध रहे 103 साल के बंदी गुरदीप सिंह को होली से पहले खुली हवा में सांस लेने का मौका मिल सका। बुधवार को उनकी जेल से रिहाई हो गई। जेल अधीक्षक के प्रयास से सहयोग संस्था ने उनकी पैरवी कर जमानत की व्यवस्था कराई है। जानकारी में आने पर उनके बेटों ने पेच फंसाया, लेकिन उनकी चल नहीं सकी।

बंडा के बसंतापुर निवासी गुरमीत सिंह ने बेटों की गलत आदतों से परेशान होकर अपनी जमीन गुरुद्वारे के नाम कर दी थी। इससे नाराज बेटों ने उनके खिलाफ साजिश रची। एक साल पहले बेटों ने पिता के खिलाफ घर में घुसकर गाली-गलौज करने समेत कई आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसके बाद बेटों ने उनसे मुंह मोड़ लिया।

# मृत्यु पूर्व संदिग्ध बयान के आधार पर दोषी ठहराना सही नहीं



**एजेंसी/ नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के मरने से पहले दिया गया बयान 'संदिग्ध' है और उसके समर्थन में कोई और साक्ष्य नहीं है, तो उस बयान के आधार पर किसी को दोषी ठहराना सही नहीं है। शीर्ष कोर्ट ने अपनी पत्नी की हत्या के मामले में एक व्यक्ति को बरी किया।

जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने कहा कि मृत्युपूर्व बयान एक महत्वपूर्ण साक्ष्य है और केवल इसी के आधार पर दोषसिद्धि की जा सकती है, क्योंकि आपराधिक कानून में इसका विशेष महत्व होता है। हालांकि इस बयान पर भरोसा करने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए और और पूरे मामले के तथ्यों पर विचार करना चाहिए। इसलिए, सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2008 में कथित तौर पर जलाकर अपनी पत्नी को की हत्या करने के दोषी व्यक्ति को बरी कर दिया। बेंच ने कहा कि निचली अदालत ने उसे उसकी पत्नी के मृत्युपूर्व बयान के आधार पर दोषी ठहराया था। बेंच ने अपने चार मार्च के फैसले में कहा, दूसरे शब्दों में अगर मृत्युपूर्व बयान शक से घिरा हुआ है या मृत्यु पूर्व बयान में विसंगति है, तो अदालतों को यह पता लगाने के लिए पुष्टि करने वाले साक्ष्य की तलाश करनी चाहिए कि किस मृत्यु पूर्व बयान पर भरोसा किया जाना चाहिए।

# आतंकवाद और सीमा सुरक्षा पर भारत की कड़ी कार्रवाई

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर आधुनिक तरीके से हो रही निगरानी



**एजेंसी/ नई दिल्ली।** भारत सरकार ने आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने और भारत-बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं। आतंकवाद के वित्तपोषण पर अंतरराष्ट्रीय बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि 18-19 नवंबर 2022 को नई दिल्ली में तीसरी 'नो मनी फॉर टेरर' (एनएमएफ्टी) मंत्री स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में 77 देशों और 16 बहुपक्षीय संगठनों ने हिस्सा लिया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के अनुसार, इस मंच पर आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय उपायों की समीक्षा की गई और नई चुनौतियों से निपटने के समाधान पर चर्चा की गई।

सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा बढ़ाने के लिए तकनीकी और रणनीतिक उपाय किए हैं। जिसके तहत आधुनिक निगरानी उपकरणों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसमें हैंड-हेल्ड थर्मल इमेजर (एचएचटीआई), नाइट विजन डिवाइस (एनवीडी), ड्रोन (यूएवी), सीसीटीवी कैमरे, आईआर सेंसर आदि लगाए गए हैं। वहीं असम के धुबरी में 'कम्प्रिहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम' का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर लगातार पेट्रोलिंग, नाके, अवलोकन चौकियां और स्थानीय पुलिस और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ संयुक्त अभियान किए जा रहे हैं। वहीं नदी क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए नावों और फ्लोटिंग बॉर्डर आउटपोस्ट (बीओपी) की तैनाती की गई है। वहीं बॉर्डर इलाकों में रोशनी की व्यवस्था के मद्देनजर फ्लडलाइट और सोलर लाइट लगाई गई हैं ताकि रात में भी निगरानी हो सके।

इस कड़ी में खुफिया नेटवर्क मजबूत किया गया है ताकि तस्करों और घुसपैठियों पर नजर रखी जा सके। वहीं संवेदनशील इलाकों में बाड़बंदी को और मजबूत किया गया है। बीएसएफ की 15 मानव तस्करी विरोधी इकाइयां तैनात की गई हैं। इसमें स्थानीय समुदाय की भागीदारी अहम है, जैसे स्थानीय लोगों से नियमित बैठकें, कुत्तों की तैनाती, वाहन पेट्रोलिंग जैसी गतिविधियों से बॉर्डर सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि भारत आतंकवाद और अवैध गतिविधियों से सख्ती से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

# परिवहन निगम की चलती बस में भड़की आग, सवारियों ने भाग कर बचाई जान



**एजेंसी/ रामपुर बुशहर।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर उपमंडल के ग्रामीण रूटों पर खटारा बसों को भेजने का मुद्दा हर बार गूंजता रहा है। पहले भी कई बार आधे रास्ते में बसों के खराब होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन इस बार यात्रियों की जान संकट में आ गई। बुधवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम(एचआरटीसी) की बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि वक्त रहते बस में बैठी सवारियों ने मुस्तैदी बरती और बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही देर में बस को कबाड़ में बदल दिया।

बुधवार सुबह उपमंडल के लालसा से रामपुर की ओर परिवहन निगम की बस एचपी 06ए 6202 आ रही थी। सुबह 11:30 बजे जब बस अपर डकोलढ़ की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास पहुंची, तो बस के इंजन में अचानक आग भड़क गई। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस में बैठी सवारियों को बाहर निकलने को कहा। घटना के वक्त बस में कुल 38 सवारियां बैठी थीं, जो आनन-फानन में बस से बाहर की ओर भागीं। बस के इंजन से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी बस को कबाड़ में तबदील कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग रामपुर को सूचित किया गया, लेकिन जब तक अग्निशमन विभाग का दल मौके पर पहुंचता आग ने पूरी बस को जला डाला था। अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाया। मौके पर परिवहन निगम, पुलिस और स्थानीय लोग इकट्ठे हो गए। आग किन कारणों से लगी थी, अब इसकी जांच परिवहन निगम का निरीक्षण दल करेगा।

### सीएम साय ने किया बस्तर पंडुम 2025 के लोगो का अनावरण

# बस्तर में शांति स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा बस्तर पंडुम : मुख्यमंत्री

- बस्तर के असल जीवन को करीब से जानने-समझने का मिलेगा अवसर
- बस्तर पंडुम 2025 : लोकसंस्कृति और परंपराओं का भव्य उत्सव




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

बस्तर के लोग जीवन का हर पल उत्सव की तरह जीते हैं और अपनी खुशी की अभिव्यक्ति के लिए उनके पास समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। बस्तर में शांति स्थापना के लिए हम तेजी से अपने कदम बढ़ा रहे हैं और बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के लोकजीवन और लोकसंस्कृति को सहेजने के साथ ही उनकी उत्सवधर्मिता में हम सहभागी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में मांदर की थाप पर नाचते कलाकारों की मौजूदगी में बस्तर पंडुम 2025 के लोगो का अनावरण किया और यह बातें कही। उन्होंने बस्तर पंडुम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर पंडुम के बुकलेट का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद बस्तर का विकास और वहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल रहा है। बस्तर को माओवाद से मुक्त करने की दिशा में हमने तेजी से अपने कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक और हाल ही में आयोजित अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन में भी बस्तर वासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। यह दर्शाता है कि बस्तर वासियों का विश्वास लगातार शासन के प्रति बढ़ा है और वे क्षेत्र में शांति और अमन-चैन चाहते हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने बजट में नक्सली हिंसा से ग्रसित रहे पुवर्ती गांव में भी अस्पताल खोलने का बड़ा निर्णय लिया है। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से हम बस्तर वासियों के मूलभूत जरूरत को तेजी से पूरा कर रहें हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के लोग अपनी सादगी के लिए जाने जाते हैं और हर मौके को अपने खास अंदाज में सेलिब्रेट करते हैं । बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के असल जीवन को और करीब से देखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम में नृत्य, गीत, लोककला, लोकसंस्कृति, नाट्य, शिल्प, रीति- रिवाज, परंपरा और व्यंजन

### बस्तर की पहचान को दर्शा रहा है बस्तर पंडुम का लोगो

बस्तर पंडुम के लोगो में बस्तर के लोकजीवन को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है और यह उनकी सांस्कृतिक पहचान से गहरे से जुड़ा हुआ है। बस्तर के विरासत को बहुत ही कलात्मक ढंग से दिखाने का प्रयास इसमें किया गया है। फ्रबस्तर पंडुमफ्र गोंडी का शब्द है जिसका अर्थ है बस्तर का उत्सव। प्रतीक चिन्ह में बस्तर की जीवनरेखा इंद्रावती नदी, चित्रकूट जलप्रपात, छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु वनभैंसा, राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना, बायसन हॉर्न मुकुट, तुरही, ढोल, सल्फी और ताड़ी के पेड़ को शामिल गया है। इस प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सरल, सहज और उम्मीदों से भरे अद्वितीय बस्तर को आसानी से जाना और समझा जा सकता है।

### महापौर मीनल चौबे ने नगर वासियों को दी होली पर्व की शुभकामनाएं



महापौर ने जानवरों पर रंग- गुलाल ना डालने लोगों से की विनम्र अपील

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे ने सभी नगर वासियों को होलिका द हन और होली पर्व पर अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि स्वास्थ्य, शान्ति प्रदान करने हेतु और रायपुर को सुन्दर, स्वच्छ और सुव्यवस्थित नगर बनाने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु परमपिता परमेश्वर के श्री चरणों में विनम्र प्रार्थना की है।

महापौर मीनल चौबे ने नागरिकों से होली पर्व पर पालतू जानवरों, सड़कों के मवेशियों और जानवरों पर रंग - गुलाल आदि ना डालने की विनम्र अपील की है. महापौर ने कहा कि होली के दिन लोग गाय, श्वान, बिल्ली आदि पालतू जानवरों पर रंग ङ्क गुलाल डाल देते हैं, जबकि वास्तव में ऐसा करना उचित नहीं है, कारण कि पालतू जानवरों को इससे अत्यंत असुविधा होती है. इसलिए नागरिकों को इसका ध्यान रखना चाहिए और रंग ङ्क गुलाल आदि उन पर नहीं डालना चाहिए, ताकि किसी भी जानवर को पर्व के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने पाए. महापौर मीनल चौबे ने सभी नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में नगर हित में स्वच्छता एप्प डाउनलोड कर मोबाइल पर स्वच्छता फीडबैक देने की विनम्र अपील की है।

# होली मिलन समारोह में विस परिसर हुआ रंग-गुलाल से सराबोर



### विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री साय , नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत सहित सभी विधायकों ने खेली होली

### मंत्री-विधायकों के फाग गीतों पर झूमे सदस्य, डॉ. सुरेंद्र दुबे की कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

विधानसभा परिसर में आज होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन हुआ, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित तमाम विधायकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। आयोजन का पूरा माहौल होली के उल्लास में सराबोर रहा। मंत्रियों और विधायकों ने पारंपरिक फाग गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर विधानसभा सदस्य झूमते नजर आए।





#### मंत्री-विधायकों के फाग गीतों से गूंजा विधानसभा परिसर



होली मिलन समारोह में लोक परंपरा का विशेष रंग देखने को मिला। मंत्री-विधायकों द्वारा गाए गए फाग गीतों से विधानसभा परिसर में सांस्कृतिक समृद्धि की झलक दिखी।



राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मुख मुरली बजाए, छोटे से श्याम कन्हैया गीत की मधुर प्रस्तुति दी। विधायक अनुज शर्मा ने का तैं मोला मोहिनी डाल दिये रे और रंग बरसे गीत गाकर समां बांध दिया। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने फागुन मस्त महीना और चना के डार राजा गीत गुनगुनाया। विधायक दिलीप लहरिया ने नदिया के पार म, कदली कछार म गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक रामकुमार यादव और श्रीमती चातुरी नंद ने भी फाग गीतों से समां बांधा।

#### डॉ. सुरेंद्र दुबे की कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाया रंग

लोकप्रिय कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपनी हास्य और होली की रंगीन कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा राकेश तिवारी और उनकी टीम ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉ. सुरेंद्र दुबे, राकेश तिवारी व उनकी टीम को सम्मानित किया। अंत में संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



### छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र

# केलो परियोजना में गड़बड़ी को लेकर सदन में हंगामा, विपक्ष ने किया बहिर्गमन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान केलो परियोजना का मुद्दा उठा। बहिर्गमन ने केलो परियोजना में भू-अर्जन में अफ्रा-तफ्री का आरोप लगाया और सदन की समिति से जांच कराने की मांग की। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।




कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने प्रश्नकाल के दौरान केलो परियोजना में भू-अर्जन का मुद्दा उठाते हुए सवाल पूछा कि, भू-अर्जन के कितने मामले लंबित हैं, लंबित होने का कारण क्या है व कितना विलंब हुआ है? परियोजना से उद्योगों व किसानों को पानी मिल रहा है या कब तक मिलेगा? परियोजना का कार्य कब तक पूर्ण होगा?

मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि, परियोजना 80 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। परियोजना में 23 प्रकरण लंबित होने के अलग-अलग कारण हैं। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परियोजना में जमीनों की अफ्रा-तफ्री का आरोप लगाते हुए सदन की समिति से मामले की जांच कराने की बात कही।

मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि, विभागीय रूप से जांच कराई जाएगी। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि, सदन की समिति से जांच होनी चाहिए। इस पर विपक्ष ने हंगामा मचाते हुए नारेबाजी की। इसके साथ मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर में विश्व किडनी दिवस पर नेफ्रो हीरोइक 3.0 का आयोजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर ने विश्व किडनी दिवस के उपलक्ष्य में नेफ्रो हीरोइक 3.0 कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में किडनी की बीमारियों से सफलतापूर्वक जंग जीतने वाले मरीजों को सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील धर्मानी थे, जिनके मार्गदर्शन में कई मरीजों ने किडनी की बीमारियों को मात दी है। इस अवसर पर डॉ. वरुण शर्मा, डॉ. गौरव जोशी, डॉ. कौशलेश तिवारी और डॉ. वसीम खान भी उपस्थित थे।

नेफ्रो हीरोइक 3.0 में 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें मरीज, उनके परिवार और अस्पताल के कर्मचारी शामिल थे। कार्यक्रम में मरीजों ने किडनी की बीमारियों से लड़ने के लिए अपने अनुभव साझा किये

कार्यक्रम में गायन और नृत्य जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के अंत में, क्लस्टर हेड मार्केटिंग श्री रवि भगत जी ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

नेफ्रो हीरोइक 3.0 कार्यक्रम किडनी की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और मरीजों को प्रेरित करने में सफल रहा।

### श्रीश्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री की तारीफ की

# कहा- श्री साय प्रगतिशील विचारों के हैं उनके दिल में प्रदेश के लिए बड़ी सोच है

श्रीश्री रविशंकर और उनके संस्थान के परोपकार और मानवता के कल्याण के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री साय

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कल राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में श्रीश्री रविशंकर के शंखनाद महासत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने श्रीश्री रविशंकर जी से प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद ग्रहण किया । श्रीश्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय प्रगतिशील विचारों के हैं, उनके दिल में प्रदेश के लिए बड़ी सोच है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीश्री रविशंकर परोपकार और मानवता की सेवा का ऐसा कार्य कर रहे हैं, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने श्रीश्री रविशंकर महाराज का प्रदेश की जनता की ओर से छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनका संस्थान योग, ध्यान और मानवता के कल्याण का अच्छा कार्य कर रहा है। सुदर्शन क्रिया के माध्यम से देश दुनिया में करोड़ों निराश लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ध्यान और मेडिटेशन को हम भूलते जा रहे थे। आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से फिर से इसे स्थापित किया जा है। उन्होंने बताया कि आज छत्तीसगढ़ राज्य और आर्ट ऑफलिविंग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसके तहत प्रदेश के गांव-गांव में जल संरक्षण, कृषि संवर्धन, शिक्षा, आजीविका - रोजगार, महिला सशक्तिकरण और नशा मुक्ति के कार्य उनकी संस्था द्वारा किया जाएगा। नया रायपुर में आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। श्रीश्री रविशंकर और मुख्यमंत्री श्री साय ने आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शिलान्यास किया। यह केंद्र योग, ध्यान, कौशल विकास, आत्म विकास और सामुदायिक विकास को समर्पित रहेगा। यह महा सत्संग ज्ञान, ध्यान और सनातन संस्कृति का अनूठा संगम रहा है।

आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर महाराज ने आर्ट ऑफ लिविंग के सिद्धांतों की सारगर्भित जानकारी अपने संबोधन में दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को ध्यान कराया। ध्यान के दौरान हजारों श्रद्धालुओं द्वारा उच्चारित ? ध्वनि से रायपुर का साइंस कॉलेज मैदान तरंगित हो उठा।

#### नक्सलवाद से प्रभावित युवाओं से मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान

श्रीश्री रविशंकर ने नक्सलवाद से प्रभावित युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप विकास की मुख्य धारा में आएं, हम आपके साथ खड़े हैं, हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को उत्तम और भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे। जहां सभी के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो। गरीबों के उत्थान के कार्यों हों। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शांति और समृद्धि आवश्यक है। जब शांति होगी तो समृद्धि आएगी। आप जब हमारे साथ आएंगे तो आपको भी समता ,समृद्धि और न्याय मिलेगा। बंदूक से कोई काम नहीं बनता। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यहां प्राकृतिक सौंदर्य है। विविध फल फूल और प्राकृतिक संपदा भरपूर है। यह प्रदेश दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन सकता है। अब यह समय आ गया है कि हम सभी मिलकर प्रदेश को उत्तम और भारत को श्रेष्ठ बनने के लिए काम करें । आर्ट ऑफ लिविंग के संबंध में उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में शक्ति, भक्ति, युक्ति और मुक्ति होनी चाहिए। विपरीत और अनुकूल परिस्थितियों में मन का समभाव बना रहे । जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करें।

# होली पर्व पर अम्बेडकर अस्पताल में 24 घंटे जारी रहेगी आपात चिकित्सा सेवा

### मेडिकल स्टाफ को विशेष निर्देश, सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के दिशानिर्देश पर होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए अम्बेडकर अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ पैरामेडिकल स्टाफऔर अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है।

होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन 14 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।

#### आपात चिकित्सा सेवाओं को लेकर विशेष प्रबंध

आपातकालीन वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता दी जा सके। सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफको इमरजेंसी ड्यूटी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। मरीजों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए ट्रॉमा और इमरजेंसी यूनिट को विशेष रूप से सशक्त किया गया है।

#### सुरक्षा व्यवस्था भी होगी चाक-चौबंद

अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड और बंदूकधारी गार्ड तैनात किए गए हैं। सिक्योरिटी सुपरवाइजर को विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा स्टाफ को चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। आपात स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस से समन्वय किया गया है।

#### डीकेएस अस्पताल तक एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध

गंभीर मरीजों को आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए डीकेएस अस्पताल स्थित सुपर स्पेश्यलिटी विभाग में भेजने की प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाने के लिए अम्बेडकर अस्पताल से डीकेएस अस्पताल तक एम्बुलेंस सेवा 24 घंटे सक्रिय रहेगी। अस्पताल प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि होली का त्योहार सावधानीपूर्वक मनाएं और किसी भी आकस्मिक चिकित्सा स्थिति में घबराए बिना अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं का लाभ उठाएं।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444